17 April -26 page 1 16-04-26 9:50 PM Page 1


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 17 अप्रैल -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 114 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# हाउस टैक्स में 21% से ज्यादा बढ़ोत्तरी नहीं नगर आयुक्त ने आंकड़ों के साथ दूर की भ्रांतियां

## छूट की बहुल व्यवस्था से 92% तक राहत संभव, नए और पुराने दोनों भवनों को मिलेगा लाभ

**हाउस टैक्स**

**नगर आयुक्त ने टैक्स स्लैब, गणना प्रणाली और विभिन्न छूटों से जुड़े आंकड़े प्रस्तुत किए**









**कार्पेट एरिया पर गणना: 20% छूट**

**समय पर कर भुगतान: 20% छूट**

**भवन की आयु के आधार पर: 25% 32.5% और 40% छूट**

**ऑनलाइन/इलेक्ट्रॉनिक भुगतान: 2% छूट**

**कचरा पृथक्करण करने पर: 10% अतिरिक्त छूट**

**10 वर्ष तक पुराने भवन: 25% छूट**

**10 से 20 वर्ष तक: 32.5% छूट**

**20 वर्ष से अधिक: 40% छूट**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हाउस टैक्स को लेकर शहर में बीते दिनों बनी असमंजस की स्थिति को दूर करने के लिए गुरुवार को नगर निगम कार्यकारिणी सदन में अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पार्षदों और अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि शहर में कहीं भी हाउस टैक्स में 21% से अधिक बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। नगर आयुक्त ने टैक्स स्लैब, गणना प्रणाली और विभिन्न छूटों से जुड़े आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि गलतफहमियों के कारण लोगों में भ्रम की स्थिति बन गई थी, जिसे अब पूरी तरह स्पष्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में औसतन करीब 10% तक ही बढ़ोत्तरी हो रही है, जबकि कई मामलों में करदाताओं को राहत भी मिल रही है।

### भ्रांतियां दूर करने के लिए आंकड़े किए साझा

नगर आयुक्त ने कहा कि निगम की ओर से पार्षदों को सभी आंकड़े उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सही जानकारी पहुंचा सकें। इसके साथ ही यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जोन में 4 से 5 पार्षदों की कमेटी बनाई जाएगी, जो नई कर व्यवस्था और छूट से संबंधित जानकारी आम जनता तक पहुंचाएगी।

### 15 जुलाई तक मिलेगा छूट का लाभ

करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा दी जा रही विभिन्न छूटों का लाभ करदाताओं को 15 जुलाई तक मिलता रहेगा। समय पर कर जमा करने वालों को विशेष प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। नई गणना प्रणाली से राहत का दावा किया गया है। तो नगर आयुक्त ने बताया कि अब संपत्ति कर की गणना कवर्ड एरिया के बजाय कार्पेट एरिया के आधार पर की जा रही है, जिससे करदाताओं को राहत मिलने की संभावना है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जहां पहले 96 पैसे टैक्स देना पड़ता था, नई व्यवस्था में वहां कुछ मामलों में कर में कमी भी देखने को मिल सकती है।

### छूट की बहुल व्यवस्था, 92% तक राहत संभव

करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा करदाताओं को राहत देने के लिए कई स्तरों पर छूट दी जा रही है। कार्पेट एरिया पर गणना : 20% छूट, समय पर कर भुगतान : 20% छूट, भवन की आयु के आधार पर : 25%, 32.5% और 40% छूट, ऑनलाइन/ इलेक्ट्रॉनिक भुगतान : 2% छूट, कचरा पृथक्करण करने पर : 10% अतिरिक्त छूट। इन सभी छूटों को मिलाकर करदाताओं को अधिकतम 92% तक राहत मिल सकती है। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि ये सभी छूट स्थायी प्रकृति की हैं और पूरे वर्ष लागू रहेंगी।

### नए-पुराने भवनों को विशेष राहत

करंट क्राइम : नगर निगम ने पुराने मकानों के लिए भी राहत जारी रखी है। 10 वर्ष तक पुराने भवन : 25% छूट, 10 से 20 वर्ष तक : 32.5% छूट, 20 वर्ष से अधिक : 40% छूट।
उधर नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों ने पुराने मकानों का पुनर्निर्माण किया है या नए घर बनाए हैं, उन्हें भी छूट का लाभ मिलेगा। यानी यदि किसी का मकान वर्ष 2000 में बना था और बाद में उसे पुन: निर्मित किया गया है, तो भी वह छूट के दायरे में आएगा।

### कमर्शियल संपत्तियों पर सीमित असर

करंट क्राइम : नगर निगम के अनुसार मॉल और अन्य व्यावसायिक संस्थानों पर पहले की तरह ही कर लागू रहेगा। हालांकि कुछ कमर्शियल स्लैब में लगभग 32% तक बढ़ोत्तरी देखी जा सकती है, लेकिन इसका व्यापक प्रभाव सीमित रहेगा। ऑनलाइन भुगतान और बकायेदारों को राहत मिलेगी।
ऑनलाइन भुगतान करने पर 2% अतिरिक्त छूट रहेगी। तो बकायेदारों को तीन महीने तक 12% ब्याज से राहत है। वहीं इस अवधि में कोई पेनल्टी नहीं लगेगी। इस निर्णय से बकायेदारों को कर जमा करने में राहत मिलने की उम्मीद है। नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार कुल करदाता : 4.52 लाख है। अब तक कर जमा करने वाले लगभग 2 लाख लोग हैं। वर्ष 2025-26 में कुल हाउस टैक्स संग्रह : 301 करोड़ रुपये हुआ बताया जा रहा है। नगर निगम का कहना है कि इस राजस्व का उपयोग शहर के विकास कार्यों और नई योजनाओं के संचालन में किया जाएगा।

### बैठक में पार्षदों की भागीदारी

करंट क्राइम : बैठक में पार्षद उमेश नगर, नीरज गोयल, हिमांशु शर्मा, पूनम सिंह, मनोज त्यागी, राहुल शर्मा, गौरव सोलंकी और देवनारायण शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े सवाल रखे, जिनका नगर आयुक्त ने विस्तार से जवाब दिया। नगर निगम ने स्पष्ट कर दिया है कि हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी को लेकर फैली आशंकाएं वास्तविकता से परे हैं। नई कर प्रणाली में जहां एक ओर सीमित बढ़ोतरी की गई है, वहीं दूसरी ओर व्यापक छूट और राहत के जरिए आम नागरिकों को संतुलित लाभ देने का प्रयास किया गया है। कुल मिलाकर, यह व्यवस्था राजस्व बढ़ाने और जनता को राहत देने के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### डिजिटल भुगतान और कूड़ा पृथक्करण से भी लाभ

करंट क्राइम : नगर निगम ने बढ़ावा देना (ऑनलाइन छूट के जरिए), स्वच्छता अभियान को मजबूत करना (कूड़ा पृथक्करण पर छूट) तो स्थानीय निकायों की आय बनाए रखते हुए जनसंतोष कायम रखना, यह कदम राज्य सरकार की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसमें विकास कार्यों के लिए संसाधन भी जुटाए जाएं और जनता को राहत भी दी जाए। इस फैसले का असर सिर्फ टैक्स तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शहर के समग्र विकास से भी जुड़ा हुआ है। नगर निगम को उम्मीद है कि छूट मिलने के बाद अधिक लोग स्वेच्छा से हाउस टैक्स जमा करेंगे, जिससे राजस्व बढ़ेगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। इसके अलावा, कूड़ा पृथक्करण पर 10% की छूट एक बड़ा सामाजिक संदेश भी देती है। इससे स्वच्छता अभियान को मजबूती मिलेगी और गाजियाबाद को साफ-सुथरा शहर बनाने में मदद मिलेगी।

# लोनी की सियासत में तब और ऊंचा हो गया विधायक नन्दकिशोर गुर्जर का मस्तक

## जब लोनी की रामकथा में दी दोनों डिप्टी सीएम ने दस्तक













**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में धर्म का अपना महत्व है और धर्म में राजनीति का अपना महत्व है। ये सवाल राजनीति शास्त्र का भी है और ये सवाल धर्म में भी आता है। आयोजन किसका है ये बड़ा सवाल होता है और इसी से पूरे कार्यक्रम का एक संदेश जाता है। लोनी में श्रीराम कथा हो रही है और रामकथा के पहले दिन कलश यात्रा के जरिए विधायक नन्द किशोर गुर्जर एक बड़ा संदेश देने में सफल रहे हैं। कथा के दूसरे दिन एक बार फिर विधायक नन्द किशोर गुर्जर का जलवा दिखाई दिया। लोनी की रामकथा के पहले दिन अगर महिला शक्ति का जलवा था तो दूसरे दिन सरकार की ताकत दिखाई दी। दोनों ही ताकत लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर से जुड़ी हैं। ये उनकी राजनीतिक हस्ती का जलवा है। लोनी की बस्ती में उन्होंने कलश यात्रा का एक बड़ा मेला जोड़ा। दूसरे दिन एक बड़ा संदेश यहां से गया। जब लोनी में विधायक द्वारा आयोजित कराई जा रही रामकथा में उत्तर प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम पहुंचे। उप मुख्यमंत्री का कार्यक्रम में आना बड़ी बात होती है और अगर दो दो डिप्टी सीएम आ रहे हैं तो फिर जाहिर है कि कार्यक्रम बड़ा है। लोनी में भी डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या पहुंचे। एक धार्मिक कार्यक्रम में एक विधायक के आमंत्रण पर दोनों डिप्टी सीएम का आना अपने आप में एक सियासी संदेश है। समझने वाले बखूबी समझ रहे हैं कि लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की यूपी की सत्ता में ताकत बढ़ रही है। लोनी में अगर दो डिप्टी सीएम ने दस्तक दी है तो इसका संदेश है कि भाजपा यहां से कोई बड़ा संदेश यूपी की सत्ता में देना चाहती है। डिप्टी सीएम आये हैं तो जाहिर तौर पर संगठन के नेता भी पहुंचे और जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। लेकिन बड़ी बात है कि डिप्टी सीएम का एक साथ आना और यहां पूरी तरह समय देना है। ये इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि पिछले एपीसोड में इसी कलश यात्रा को लेकर तत्कालीन पुलिस आयुक्त से विवाद हो गया था और अब पूरा माहौल ही बदला हुआ है। बदले माहौल में बहुत कुछ बदलाव का संदेश यहां से निकला है। गुरूवार को लोनी की राजनीति में लोनी के सियासी माहौल में विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने अपनी ताकत का एहसास करा दिया है।

# संविधान में संशोधन के मंथन से निकलेगा अमृत : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र के दौरान आज लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'महिला आरक्षण विधेयक' यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम खुशकिस्मत हैं कि हम इस पल के साक्षी बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि इस मंथन से अमृत निकलेगा और यह मंथन देश की दिशा और दशा तय करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज देश के लिए महत्वपूर्ण दिन है। यह 20-25 वर्ष पहले हो जाना चाहिए था, समय-समय पर इसमें सुधार होते रहते। सदन के सभी साथियों को यह अवसर मिला है।

**'2023 में सभी ने अधिनियम को स्वीकार किया था' :** पीएम मोदी ने आगे कहा कि 2023 में इस नए सदन में हमने सर्वसम्मति से इस अधिनियम को स्वीकार किया था। पूरे देश में खुशी का वातावरण बना। उसमें कोई राजनीतिक रंग नहीं लगा, यह अच्छी चीज है। अब सवाल यह है कि हमें कितने समय तक इसे रोकना है? जो लोग यहां आबादी का विषय उठाते हैं, अमित शाह अपने भाषण में इसका जिक्र करेंगे कि हमने जनगणना के लिए क्या-क्या किया है? ये बातें हम रखेंगे। लेकिन पिछले दिनों जब हम 2023 में चर्चा कर रहे थे, तब इसे जल्दी लागू करने की बात कर रहे थे, लेकिन कम समय में यह करना मुश्किल था। अब 2029 में यह किया जा सकता है। अब अगर 2029 में यह संभव नहीं होगा, तो हम माता-बहनों में यह विश्वास नहीं बना पाएंगे कि यह संभव भी है।

उन्होंने कहा कि जब मैं संगठन का एक कार्यकर्ता था, तब चर्चा होती थी कि देखिए ये कैसे लोग हैं, पंचायतों में आरक्षण आराम से दे देते हैं क्योंकि उन्हें वहां अपना पद जाने का डर नहीं लगता है। हम सुरक्षित हैं, इसलिए दे दो। इसलिए पंचायत में आरक्षण 50 प्रतिशत तक पहुंच गया। मैं एक और बात कहता

शेष, पृष्ठ 2

# गर्मी से पहले आ गया आग का ट्रेलर, मार्च में 127 और अप्रैल में अब तक 82 अग्निकांड

**सावधानी बरतें**

**बीते करीब 50 दिनों में 17 वाहनों में आग लगने की घटनाएं सामने आई**



गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** गर्मी अभी पूरी तरीके से चरम पर नहीं पहुंची है, लेकिन आग लगने की घटनाओं में प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। अगर अप्रैल महीने की बात की जाए तो औसतन 5 से 6 घटनाएं प्रतिदिन अलग-अलग जोन और थानाक्षेत्रों में सामने आ रही हैं। तो वहीं बीते करीब 50 दिनों में 17 वाहनों में भी आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। बस गनीमत इस बात की रही कि किसी भी अग्निकांड में किसी व्यक्ति की जान नहीं गई है। हालांकि इस दौरान अलग-अलग सोसायटियों, फैक्ट्रियों और कमर्शियल इलाकों में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। तो मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि आग से बचाव और लोगों में जागरूकता लाने के लिए स्कूलों, सोसायटियों ,स्कूल-कॉलेजों और निजी कंपनियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी डीजी फायर सर्विस के निर्देश पर चलाए जा रहा है।



### 50 दिन में 200 से अधिक अग्नि हादसे

करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि मार्च 2026 में आग लगने की कुल 127 फोन कॉल फायर स्टेशन को प्राप्त हुई हैं, तो वहीं अप्रैल महीने में अब तक कुल 82 आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। जिसमें छोटी-बड़ी आग लगने के अलावा कूड़े के ढेर, वाहनों और बड़ी औद्योगिक इकाइयों में आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। उधर दमकल विभाग के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से गाजियाबाद में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, उसकी तुलना में वर्तमान में गाजियाबाद फायर विभाग में स्टाफ की कमी है। कई बेहद महत्वपूर्ण पदों के लिए मुख्यालय को पत्र भेजे गए हैं लेकिन अभी तक वह लंबित चल रहे हैं।

### शॉर्ट सर्किट और वायर हीट बना रहा है आग की वजह



करंट क्राइम : आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर जब मुख्य अग्निशमन अधिकारी से जानकारी हासिल की गई तो उनका कहना था कि अधिकांश अग्नि हादसे शॉर्ट सर्किट और वाहनों में हीट बढ़ाने की वजह से आग लगने के सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि पहले अमूमन सीएनजी वाहनों में ही आग लगने की घटनाएं सामने आई थीं लेकिन अब डीजल और पेट्रोल वाहनों में भी आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है। उनका कहना है कि इसका मुख्य कारण बाहर से वायरिंग एवं फिटिंग करवाना भी है। उनका कहना है की कंपनी से ही सही तरीके की वायरिंग, सीएनजी फिटिंग करानी चाहिए ताकी हादसों की संभावना बेहद कम होती है।

### आग लगने पर घबराएं नहीं, दमकल और पुलिस को फोन करें

करंट क्राइम : बीते दिनों फायर विभाग ने शहर में जागरूकर रैली एवं फायर ब्रिगेड कर्मियों की शहादत पर उन्हें नमन किया था। तो इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी और एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने लोगों से कहा था कि आग लगने की वारदात के समय तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दें ताकि कम समय में अधिकतम मदद पहुंचाई जा सके और नुकसान भी बचाया जा सकें।



# संविधान में संशोधन के मंथन से निकलेगा अमृत : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र के दौरान आज लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'महिला आरक्षण विधेयक' यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम खुशकिस्मत हैं कि हम इस पल के साक्षी बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि इस मंथन से अमृत निकलेगा और यह मंथन देश की दिशा और दशा तय करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज देश के लिए महत्वपूर्ण दिन है। यह 20-25 वर्ष पहले हो जाना चाहिए था, समय-समय पर इसमें सुधार होते रहते। सदन के सभी साथियों को यह अवसर मिला है।

### '2023 में सभी ने अधिनियम को स्वीकार किया था'

पीएम मोदी ने आगे कहा कि 2023 में इस नए सदन में हमने सर्वसम्मति से इस अधिनियम को स्वीकार किया था। पूरे देश में खुशी का वातावरण बना। उसमें कोई राजनीतिक रंग नहीं लगा, यह अच्छी चीज है। अब सवाल यह है कि हमें कितने समय तक इसे रोकना है? जो लोग यहां आबादी का विषय उठाते हैं, अमित शाह अपने भाषण में इसका जिक्र करेंगे कि हमने जनगणना के लिए क्या-क्या किया है? ये बातें हम रखेंगे। लेकिन पिछले दिनों जब हम 2023 में चर्चा कर रहे थे, तब इसे जल्दी लागू करने की बात कर रहे थे, लेकिन कम समय में यह करना मुश्किल था। अब 2029 में यह किया जा सकता है। अब अगर 2029 में यह संभव नहीं होगा, तो हम माता-बहनों में यह विश्वास नहीं बना पाएंगे कि यह संभव भी है।

उन्होंने कहा कि जब मैं संगठन का एक कार्यकर्ता था, तब चर्चा होती थी कि देखिए ये कैसे लोग हैं, पंचायतों में आरक्षण आराम से दे देते हैं क्योंकि उन्हें वहां अपना पद जाने का डर नहीं लगता है। हम सुरक्षित हैं, इसलिए दे दो। इसलिए पंचायत में आरक्षण 50 प्रतिशत तक पहुंच गया। मैं एक और बात कहता हूं कि जिसने 30 साल पहले इसका विरोध किया, वह राजनीतिक गलियारों से नीचे नहीं गया, लेकिन ग्रास रूट पर आज वही बहनें मुखर हैं। लाखों बहनें जो काम कर चुकी हैं, वे आज मुखरित हैं। वे कहती हैं कि हमें निर्णय प्रक्रिया में जोड़ो, जो संसद में होती है।



### हम मदर ऑफ डेमोक्रेसी रहे हैं - पीएम मोदी

पीएम मोदी ने आगे कहा कि राष्ट्र के जीवन में कुछ बड़े पल आते हैं, उस समय समाज की मनोस्थिति एक मजबूत धरोहर तैयार कर देती है। मैं समझता हूं कि संसद के इतिहास में ये वैसे ही पल हैं। जरूरत महसूस हुई होती तब इसे लागू कर देते और आज तक इसे परिपक्वता तक पहुंचा देते। हम मदर ऑफ डेमोक्रेसी रहे हैं। हमारी हजार वर्ष की विकास यात्रा रही है।

### जो विरोध करेंगे उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी - पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि राजनीतिक जीवन में जो लोग सफलतापूर्वक आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें यह मानकर चलना पड़ेगा कि पिछले 25 से 30 साल में ग्रासरूट लेवल पर महिलाएं लीडर बन चुकी हैं। अब उनके अंदर सिर्फ यहां 33 फीसदी का सामर्थ्य नहीं है, बल्कि वे आपके फैसलों को भी प्रभावित करने वाली हैं। इसलिए जो आज विरोध करेंगे, उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। राजनीतिक समझदारी इसी में है कि हम ग्रासरूट लेवल पर महिलाओं की जो राजनीतिक लीडरशिप खड़ी हुई है, उसे संदर्भ में लें।

### 'परिसीमन प्रक्रिया किसी के साथ भी भेदभाव नहीं करेगी'

हमारी एक्टिविस्ट और संविधान के जानकारों से बात हुई। यहां बैठकर हमारे संविधान ने किसी को टुकड़ों में सोचने का अधिकार नहीं दिया। एक राष्ट्र के रूप में विचार करना हमारा दायित्व है। चाहे कश्मीर हो या कन्याकुमारी, हम एक साथ सोच सकते हैं और एक साथ निर्णय ले सकते हैं। सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने के लिए बवंडर खड़ा किया जा रहा है। मैं इस सदन से कहना चाहता हूं कि चाहे दक्षिण हो या उत्तर, छोटे राज्य हों या बड़े राज्य, परिसीमन प्रक्रिया किसी के साथ भी भेदभाव नहीं करेगी। यह निर्णय प्रक्रिया किसी के साथ अन्याय नहीं करेगी। जिनके कालखंड में जो परिसीमन हुआ, वह अनुपात उनके समय से चला आ रहा है और उस अनुपात में भी कोई बदलाव नहीं होगा। अगर गारंटी कहिए तो मैं गारंटी देता हूं, वादे की बात करें तो वादा करता हूं। जब नीयत साफ है तो हमें शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है।

### मेरे लिए संविधान ही सर्वोपरि है - पीएम मोदी

हमारे मुलायम सिंह के परिवार वाले एक बात चला रहे हैं। आप महिलाओं की समझदारी पर भरोसा करो। उन्हें निर्णय लेने दो कि किस वर्ग को आरक्षण देना है, किस वर्ग को नहीं। उन्हें आने तो दो। मैं अति-पिछड़े समाज से आता हूं। मेरे संविधान ने मुझे यही रास्ता दिखाया है। मेरे लिए संविधान ही सर्वोपरि है। यह संविधान की ही ताकत है जिसने मुझे यहां तक आने का मौका दिया है। मैं संविधान निर्माताओं का ऋणी हूं। इतना बड़ा सामर्थ्य है, उसे हम हिस्सेदारी से रोकने के लिए क्यों इतनी ताकत खपा रहे हैं? उनके जुड़ने से सामर्थ्य बढ़ने वाला है। इसे राजनीति के तराजू से मत तौलिए। इस मामले को राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं है।

कुछ लोगों को लगता है कि इसमें मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वाभाविक बात है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा। लेकिन साथ चलेंगे तो किसी को भी नहीं होगा, यह लिखकर ले लो। क्योंकि इसका अलग पहलू हो जाता है। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए। जैसे ही यह पारित हो जाए। मैं सबका आभार प्रकट करने के लिए तैयार हूं। ले लो क्रेडिट। हम सरकारी खर्चे से जिसकी फोटो आप (विपक्ष) कहेगा उसकी फोटो छपवा देंगे। सामने से क्रेडिट का प्लान चेंज। आपको दे रहा हूं।

### 'हमारे देश में अनुभवी नारी शक्ति की कोई कमी नहीं'

यह निर्णय भारत का कमिटमेंट है, सांस्कृतिक कमिटमेंट है। इसी कमिटमेंट के कारण पंचायतों में यह व्यवस्था बनी। हमारे देश में अनुभवी नारी शक्ति की कोई कमी नहीं है। सामर्थ्य में कोई कमी नहीं है।

# संसद में संविधान संशोधन पर चर्चाः विधेयकों के पक्ष में तर्क और विपक्ष की आपत्तियां दर्ज की गईं

लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं की सीटों में बढ़ोतरी के लिए परिसीमन से जुड़े विधेयकों पर आज संसद में चर्चा शुरू हुई। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयकों पर चर्चा की शुरूआत की। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि विधेयक पर मतविभाजन के दौरान 251 सांसदों ने इसका समर्थन किया, जबकि 185 वोट विरोध में पड़े। चर्चा की शुरूआत से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, वे देशवासियों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि पूरी चर्चा के बाद ही कानून और संविधान में संशोधन किए जाएंगे। जनगणना में जाति के पहलू पर भी शाह ने सदन को भरोसा दिलाया।





### केंद्र सरकार पर जमकर बरसे अखिलेश यादव

संसद में परिसीमन विधेयक को लेकर जारी बहस के बीच समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण के पूरी तरह समर्थन में है और डॉ. राम मनोहर लोहिया हमेशा जेंडर जस्टिस और सोशल जस्टिस के पक्षधर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी भी उसी विचारधारा के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं के मुद्दे को सिर्फ नारे के रूप में इस्तेमाल कर रही है। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि जो पार्टी अपने संगठन में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं देती, वह महिलाओं के सम्मान की बात कैसे कर सकती है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि पिछले कई वर्षों से भाजपा सत्ता में है, लेकिन इसके बावजूद भारत जेंडर इक्वालिटी के मामलों में पीछे है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि बीजेपी शासित कई राज्यों में महिला मुख्यमंत्री क्यों नहीं हैं।

### इससे किसी राज्य को नुकसान नहीं : कानून मंत्री



लोकसभा में तीन विधेयकों पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने महिला आरक्षण को लेकर सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि महिला आरक्षण विधेयक 2023 में पास हो चुका है और इसे 2026 के बाद होने वाली जनगणना और परिसीमन के आधार पर लागू किया जाएगा। मेघवाल ने कहा कि लोकसभा सीटों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी, जिससे कुल सीटें करीब 815 तक पहुंच सकती हैं। इनमें से 272 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, जो कुल सीटों का एक-तिहाई हिस्सा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस बदलाव से किसी भी राज्य को नुकसान नहीं होगा और सभी राज्यों की वर्तमान ताकत (सीटों की संख्या) बरकरार रहेगी।

### गौरव गोगोई ने सरकार पर उठाए सवाल



लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार बार-बार महिला आरक्षण के रास्ते में रुकावटें पैदा कर रही है। अगर 2023 में विपक्ष की बात मानी जाती, तो 2024 में ही महिला आरक्षण लागू हो सकता था। गौरव गोगोई ने कहा कि महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना सही नहीं है। उन्होंने मांग की कि इसे अलग रखा जाए, तभी उनकी पार्टी इसका समर्थन करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक वास्तव में महिला आरक्षण के लिए नहीं, बल्कि पीछे के रास्ते से परिसीमन लागू करने का तरीका है।



### भाजपा के तेजस्वी सूर्या बोले- 40 साल से इस दिन का इंतजार था

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने भी चर्चा में भाग लिया। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहे बदलावों को अभूतपूर्व बताते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों को आड़े हाथ लिया। सूर्या ने संविधान में संसोधन को समय की मांग बताते हुए कहा कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियां बेबुनियाद आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 40 साल से देश आज जैसे अवसर का इंतजार कर रहा था।

**भाजपा पर आचार संहिता उल्लंघन करने का आरोप**

## स्मृति ईरानी और सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ टीएमसी की शिकायत

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को भाजपा नेताओं स्मृति ईरानी, सुवेंदु अधिकारी और अन्य के खिलाफ आचार संहिता (एमसीसी) का कथित उल्लंघन करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही भ्रष्टाचार में लिप्त होने के कारण भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत अपराधों में शामिल होने के आरोप में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) में शिकायत दर्ज कराई।

तृणमूल कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल को लिखे पत्र में कहा, ह्ययह आपके ध्यान में लाना है कि 15.04.2026 को श्री सुवेंदु अधिकारी, श्रीमती स्मृति ईरानी और भाजपा के अन्य नेताओं, सदस्यों और कार्यकताओं ने 'मातृशक्ति भोरसा कार्ड' नामक एक नई योजना की घोषणा की है, जिसके तहत वे कार्डधारकों के खातों में सीधे मासिक आधार पर 3,000 रुपये देने का वादा कर रहे हैं। वे इस नई योजना के फॉर्म विभिन्न स्थानों पर वितरित कर रहे हैं।




**नियमों का गंभीर उल्लंघन :** ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने आगे कहा, 'इस तरह के कृत्य एमसीसी और ईसीआई द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों का गंभीर उल्लंघन हैं। इस तरह की घोषणा की आड़ में महिला लाभार्थियों को उपरोक्त फॉर्म भरने और जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष बैंक हस्तांतरण या नकद के माध्यम से मौद्रिक राशि का भुगतान किया जाता है।'

## गाजियाबाद में 500 झुग्गियों में लगी भीषण आग, एक-एक कर फटे सिलिंडर, छह बच्चों के लापता होने की आशंका

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में 500 से अधिक झुग्गियां देखते ही देखते जल उठीं। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग में करीब छह बच्चों के लापता होने की बात सामने आ रही है। हालांकि किसी अधिकारी ने अभी यह पुष्टि नहीं की है। आग लगने के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलिंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने बिना देरी किए आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए दर्जनों दमकल गाड़ियां लगाई गई हैं।



अग्निशमन अभियान में कई घंटे लगने की संभावना है क्योंकि आग बड़े क्षेत्र में फैली है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि यह जानकारी सामने आ रहा है कि कबाड़ के गोदाम में आग लगी थी, जिसके बाद यह झुग्गियों में फैलती चली गई।

पुलिस और दमकल की टीमों ने युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया। आग बुझाने के लिए लगातार पानी की बौछारें की जा रही हैं। करीब एक दर्जन से अधिक वाटर टेंडर आग बुझाने में जुटी हैं। स्थानीय निवासियों ने भी अपनी जान जोखिम में डालकर आग बुझाने में मदद की कोशिश की। डीएम, डीसीपी सिटी एसीपी, सीएफओ, सीएमओ समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं। इस भीषण अग्निकांड से सैकड़ों परिवारों का आशियाना उजड़ गया है। उनके पास खाने-पीने और रहने का कोई साधन नहीं बचा है। आग से हुए भारी नुकसान का आकलन किया जाएगा। पुलिस ने आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### नहीं मिल रहे बच्चे, परिवार परेशान

कनवानी गांव में लगी आग के दौरान बड़ी संख्या में निवासी अपने काम पर गए हुए थे। इस दौरान कई परिवारों के छोटे बच्चे झुग्गियों में ही मौजूद थे। अचानक फैली आग की वजह से लोगों को भागने का या सामान व परिवार वालों को बचाने का बहुत कम समय मिला। वहीं कई परिवार वाले घटनास्थल के आसपास रोते बिलखते नजर आए। लोगों ने बताया कि उनके बच्चे आग लगने के बाद से लापता हैं। डीसीपी सिटी धवल जयसवाल ने बताया कि आग को बुझाया जा चुका है। अभी भी काम चल रहा है। कूलिंग कार्य के बाद कॉम्बिंग की जाएगी।

## संभल में बुलडोजर कार्रवाईः सरकारी जमीन पर बने इमामबाड़ा-ईदगाह किया गया ध्वस्त



**संभल।** संभल के गांव बिछौली में बृहस्पतिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि पर बने इमामबाड़ा और ईदगाह को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। तनाव को देखते हुए आरआरएफ के साथ भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। गांव बिछौली में स्थित खाद के गड्ढे की जमीन को लेकर तहसीलदार न्यायालय ने जनवरी माह में बेदखली का आदेश जारी किया था। आदेश के अनुपालन के लिए प्रशासन ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी और लेखपालों की एक विशेष टीम गठित की गई थी।

सुबह करीब नौ बजे प्रशासनिक टीम चार बुलडोजरों के साथ मौके पर पहुंची। एसडीएम निधि पटेल की मौजूदगी में अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई।

बुलडोजरों ने लगातार इमामबाड़ा और ईदगाह के ढांचे को गिराना शुरू किया। इससे मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। कार्रवाई के दौरान जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई भी मौके पर पहुंचे। दोनों ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

## बंगाल चुनाव से पहले अधिकारियों के तबादलों पर कोर्ट की मुहर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तबादले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। यह तबादले भारतीय चुनाव आयोग द्वारा किए गए थे। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली शामिल थे, ने कहा कि इस मामले में उठाए गए कानूनी प्रश्न को फिलहाल खुला रखा जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश कलकत्ता हाई कोर्ट के 31 मार्च के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। हाई कोर्ट ने पहले ही जनहित याचिका (ढक्छ) को खारिज कर दिया था, जिसमें चुनाव आयोग द्वारा किए गए तबादलों को चुनौती दी गई थी। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होने हैं, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी।

## भाजपा आएगी तो बंगाल की सड़कों पर झाड़ू लगाएंगे गुंडे, माफिया : योगी

**चुनावी रण**

**आप लोग अरिजीत को जिताइए, टीएमसी का सूपड़ा साफ करेंगे**



**मोहनलालगंज ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को फिर पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरे। बाराबनी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार अरिजीत रॉय के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, वामपंथियों और तृणमूल कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने के साथ भाजपा के विकास कार्यों को गिनाया। जनसभा स्थल, वाहनों व घरों की छतों और पेड़ों पर चढ़े लोग मुख्यमंत्री की एक झलक पाने को बेताब दिखे। बंगाल की धरा पर तृणमूल कांग्रेस को चुनौती देते हुए सीएम योगी ने मतदाताओं से कहा कि टीएमसी के गुंडे, माफिया क्या कह रहे हैं या कोई मौलाना क्या बक रहा है, आप किसी से भयभीत न होइए। डबल इंजन की भाजपा सरकार आने दीजिए, ये सभी आपकी चाटुकारिता करते और बंगाल की सड़कों पर झाड़ू लगाते दिखाई देंगे। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से कहा कि जब यहां मेरा कार्यक्रम लगा तो तृणमूल के गुंडे लोगों को परेशान करने लग गए। सभा न होने पाए, इसके लिए भाजपा का झंडा उखाड़ने का भी प्रयास किया। अरिजीत का मतलब जो शत्रु को जीत सके, आप लोग उन्हें जिताइए और डबल इंजन सरकार लाइए, टीएमसी का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

## तिलक समारोह में खाना खाने से 40 लोगों को फूड प्वॉइजनिंग

**रायबरेली।** यूपी के रायबरेली में तिलक समारोह में खाना खाने के कुछ देर बाद 40 लोगों को फूड पॉइजनिंग हो गई। उन्हें आनन फानन सीएचसी पहुंचाया गया। वहां इलाज के बाज उनकी हालत में सुधार आया।

मामला शिवगढ़ कस्बा का है। यहां के रहने वाले राजन गुप्ता के बेटे सुशील गुप्ता का बुधवार को तिलक था। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग आमंत्रित थे। कार्यक्रम बछरावा स्थित एक मैरिज हाल में था। मैरिज हाल में आयोजित भोज में सब लोगों ने खाना खाया। आधी रात करीब 12.30 बजे कई लोगों की हालत बिगड़ने लगी। उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शिवगढ़ पहुंचाया गया। वहां इमरजेंसी में तैनात डॉ अनिल और प्रमोद पांडेय ने 40 लोगों का इलाज किया ' बीमार लोगों में सुमन (30), आदर्श (17) प्रेमा (65) शकीला (46) कुसुम लता (65) ज्ञानेंद्र (35) अजय जायसवाल (36) वर्षा (10) प्रदीप सिंह (32) कुदरत अली (48) मुराद (18) सोनू (50) अंकुश।

## दिल्ली में साइबर ठगी का बड़ा खुलासाः फर्जी प्रोफाइल से 500 महिलाओं को बनाया शिकार, दो करोड़ की ठगी

**नई दिल्ली।** पीएस साइबर, साउथ-वेस्ट जिला की टीम ने एक कुख्यात साइबर ठग आनंद कुमार को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी डेटिंग और मैट्रिमोनियल एप्लिकेशन पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर महिलाओं को निशाना बनाता था। उसने प्रेम, शादी, मेडिकल इमरजेंसी और पेशेवर अवसरों का लालच देकर ठगी की। आरोपी पश्चिम बंगाल के 24 परगना नॉर्थ का निवासी है और उसकी उम्र 35 वर्ष है।

**साइबर क्राइम**

**प्रेम, शादी, मेडिकल इमरजेंसी और पेशेवर अवसरों का लालच देकर ठगी की**



आनंद कुमार बड़े पैमाने पर हनी-ट्रैपिंग, रोमांस स्कैम और महिलाओं को ब्लैकमेल करने में संलिप्त था। उसने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए 500 से अधिक पीड़ितों से लगभग दो करोड़ रुपये की ठगी की है। ऑपरेशन के दौरान उसके कब्जे से चार स्मार्टफोन, आठ सिम कार्ड, तीन डेबिट कार्ड और नौ सोने के आभूषण बरामद हुए। इन सभी वस्तुओं को ठगी के पैसों से खरीदा गया था। आरोपी के खिलाफ पहले से दो मामले दर्ज हैं। वह डॉक्टर, प्रोड्यूसर, वकील और बिजनेसमैन बनकर महिलाओं से संपर्क करता था। वह पीड़ितों की निजी सामग्री वायरल करने की धमकी देकर उगाही भी करता था। ठगी का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन गेमिंग और निजी खर्चों में इस्तेमाल किया गया।

**पीड़िता की शिकायत और जांच प्रक्रिया :** पीएस साइबर, साउथ-वेस्ट जिला में एक पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि ह्यवैभव अरोड़ाह्न नाम के फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल के जरिए उससे करीब सात लाख रुपये ठगे गए। पीड़िता की मुलाकात आरोपी से एक डेटिंग एप्लिकेशन पर हुई थी। आरोपी ने विश्वास जीतने के बाद इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप पर बातचीत जारी रखी। उसने शादी का वादा किया और मेडिकल इमरजेंसी व बिजनेस में नुकसान की झूठी कहानियां बनाकर पैसे मांगे। जब पीड़िता ने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी ने संपर्क तोड़ दिया और अपनी मौत की झूठी खबर दी।

**आरोपी का प्रोफाइल और फर्जी पहचानें :** आनंद कुमार एक आदतन साइबर अपराधी है जो केवल महिला पीड़ितों को निशाना बनाता था। वह रोमांस स्कैम, हनी-ट्रैपिंग और ऑनलाइन उगाही में शामिल रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आकर पांच लोगों की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पचदेवरा में ट्रेन की चपेट में आकर पांच लोगों की मौत असुरक्षित सफर की दर्दनाक बानगी है। प्रत्यक्षदर्शी यात्रियों के मुताबिक, ट्रेन को आता देख उन्होंने शोर मचाया लेकिन ट्रैक पर खड़े लोगों को बचने का मौका न मिल सका।

हादसे के बाद करीब 50 मीटर में ट्रैक के आसपास खून ही खून फैल गया और शवों के टुकड़े बिखर गए। पचदेवरा गांव निवासी संतोष कुमार, विमलेश यादव, गिरधारी मिश्र आदि लोगों ने बताया कि शाम को एक ट्रेन काफी देर से खड़ी थी।

इसी बीच अचानक यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। गांव के लोग जब मौके पर पहुंचे तो ट्रैक पर बिखरे शवों के टुकड़ों को देख कांप गए।

**खोया-पाया**

मेरी कंपनी का शेयर सर्टिफिकेट, कोटक महिंद्रा की खाता स.- 8813295965 की पास बुक, चेक बुक व अन्य कागजात कही खो गए हैं, मिलने पर संपर्क करें- Rose Petal Country Pvt Ltd, 41/8, साहिबाबाद, गाजियाबाद, 9971472176

17 April -26 page 3 16-04-26 10:24 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का कांटा

Jaikamal Agarwal
37m

2 दिन पुराने नेताओं का भाजपा में आने पर उन्हें 'वरिष्ठ नेता' का टैग देना, वास्तव में समर्पित एवं वरिष्ठ नेताओं की तोहीन है। #bjp

# सुनील शर्मा ने किया खोड़ा-मकनपुर में जल योजना का शिलान्यास

## स्वास्थ्य केंद्र का भी किया लोकार्पण, विकास कार्यों को दी नई रफ्तार



**शिलान्यास/लोकार्पण**

**लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या को समाप्त करना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल : सुनील शर्मा**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने गुरुवार को खोड़ा-मकनपुर नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विभिन्न वार्डों में जलापूर्ति पाइपलाइन विस्तार कार्य का शिलान्यास और वार्ड 26 में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र का लोकार्पण किया। इस दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सुनील शर्मा ने जलापूर्ति योजना को क्षेत्र के लिए बड़ा कदम बताते हुए कहा कि खोड़ा-मकनपुर में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या को समाप्त करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना हर घर तक स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल पहुंचाने के संकल्प को साकार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर जल' अभियान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में तेजी से लागू किया जा रहा है और खोड़ा क्षेत्र में यह परियोजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सुनील शर्मा ने कहा कि पहले लोगों को पानी के लिए टैंकरों या दूरस्थ स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब सरकार की योजनाओं से घर-घर नल से जल पहुंचाने का काम तेजी से हो रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में क्षेत्र में जल संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

स्वास्थ्य सेवाओं पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि वार्ड 26 में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र की शुरूआत से स्थानीय लोगों को समय पर इलाज मिलेगा और छोटी बीमारियों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने इसे क्षेत्र के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में अहम कदम बताया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र मंदार, उपजिलाधिकारी अरुण दीक्षित, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमित विक्रम, डॉ. राकेश गुप्ता, ज्ञायेन्द्र मिश्र, शैलेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जलापूर्ति पाइपलाइन विस्तार योजना

करंट क्राइम। खोड़ा-मकनपुर क्षेत्र में शुरू की गई पाइपलाइन विस्तार योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ और नियमित पेयजल पहुंचाना है। इस योजना के तहत विभिन्न वार्डों में नई पाइपलाइन डाली जाएगी, जिससे अब लोगों को पानी के लिए टैंकरों या अन्य अस्थायी साधनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह योजना न केवल जल संकट को खत्म करेगी, बल्कि क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य स्तर को भी बेहतर बनाएगी।





### वार्ड 26 में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र

करंट क्राइम। वार्ड 26 में शुरू किया गया प्राथमिक चिकित्सा केंद्र स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। यहां लोगों को सामान्य बीमारियों का तुरंत इलाज मिल सकेगा, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। यह केंद्र स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और आम जनता को सुलभ चिकित्सा सुविधा देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**हर घर जल**

**सरकार की योजनाओं से घर-घर नल से जल पहुंचाने का काम तेजी से हो रहा है : सुनील शर्मा**



## नरेंद्र कश्यप ने योजना को बताया ऐतिहासिक कदम

**सरकार का लक्ष्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है और इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है : नरेंद्र कश्यप**

करंट क्राइम। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के नेतृत्व में शुरू की गई खोड़ा पेयजल आपूर्ति योजना (प्रथम चरण) क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक साबित होगी। उन्होंने कहा कि वर्षों से चली आ रही जल समस्या के समाधान के लिए यह पहल मील का पत्थर बनेगी। कश्यप ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है और इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से न केवल बुनियादी सुविधाएं मजबूत होंगी, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों का जीवन स्तर भी बेहतर होगा।

# नोएडा पुलिस कमिश्नर का बड़ा खुलासा : नोएडा हिंसा में 'पाकिस्तानी' साजिश

## वीपीएन और वॉट्सऐप ग्रुप से रची गई रणनीति





**नोएडा, करंट क्राइम।** सोमवार को नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हुई फैक्ट्री श्रमिकों की हिंसा और आगजनी के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि यह हिंसा महज एक संयोग नहीं, बल्कि सीमा पार से रची गई एक सोची-समझी साजिश थी।

**डिजिटल साजिश और पाकिस्तानी कनेक्शन :** कमिश्नर के अनुसार, जांच में दो ऐसे एक्स (ट्विटर) हैंडल मिले हैं- 'मीर इलियासी' और 'आयूषी तिवारी'- जो पाकिस्तान से संचालित हो रहे थे। ये हैंडल पिछले तीन महीनों से सक्रिय थे और श्रमिकों को भड़काने के लिए भ्रामक पोस्ट कर रहे थे। पहचान छुपाने के लिए श्ठढ का सहारा लिया गया और दफकोड के जरिए वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर भीड़ जुटाई गई।

### मुख्य साजिशकर्ता और गिरफ्तारियां

इस हिंसा के पीछे 'राष्ट्रवादी वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया' के तीन सदस्यों की मुख्य भूमिका सामने आई है। पुलिस ने रूपेश रॉय और मनीषा चौहान को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरा आरोपी आदित्य आनंद फिलहाल फरार है। पुलिस के मुताबिक, इन तीनों ने मौके पर मौजूद रहकर श्रमिकों को भड़काऊ भाषण दिए।

### अब तक की कार्रवाई का विवरण:

कुल मुकदमे: 13
कुल गिरफ्तारियां: 62 (साजिशकर्ता और उपद्रवी शामिल)
**वर्तमान स्थिति:** भारी पुलिस बल की तैनाती, स्थिति नियंत्रण में और फैक्ट्रियां पुनः चालू।

# अंबेडकर जयंती पर मंच-दर-मंच मिला सम्मान

## अभिषेक गर्ग की बढ़ती स्वीकार्यता ने दी 2027 की दावेदारी को धार



**मजबूत पहचान**

**अभिषेक गर्ग की राजनीति केवल चुनावी नहीं, बल्कि सामाजिक जुड़ाव पर आधारित है**









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर शहर में आयोजित विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं शहर विधानसभा सीट से दावेदार अभिषेक गर्ग लगातार चर्चा में रहे। नंदग्राम, विजयनगर और नवयुग मार्केट अंबेडकर पार्क-तीनों प्रमुख आयोजनों में उन्हें बतौर अतिथि आमंत्रित कर सम्मानित किया गया, जो उनके बढ़ते जनसंपर्क और सामाजिक स्वीकार्यता का संकेत माना जा रहा है। नंदग्राम स्थित पंचशील जनहित सेवा समिति द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। वहीं विजयनगर में माता भीम बाई अंबेडकर काशीराम जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित रागिनी एवं कवि सम्मेलन में भी उन्हें मंच पर विशेष स्थान दिया गया। इसके अलावा नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में भी समिति द्वारा उन्हें अतिथि के रूप में बुलाकर सम्मानित किया गया।

लगातार अलग-अलग क्षेत्रों की समितियों द्वारा आमंत्रण और सम्मान मिलना इस बात का संकेत है कि अभिषेक गर्ग ने केवल राजनीतिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उनके कार्यक्रमों में शामिल होने और लोगों से सीधे संवाद की शैली ने उन्हें विभिन्न समाजों के बीच सहज और स्वीकार्य चेहरा बनाया है। स्थानीय लोगों के बीच उनकी छवि एक ऐसे नेता की बन रही है, जो औपचारिक राजनीति से आगे बढ़कर सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भूमिका निभाता है। यही कारण है कि अंबेडकर जयंती जैसे सामाजिक महत्व के अवसर पर विभिन्न समितियों ने उन्हें अपने मंच पर स्थान दिया और सम्मानित किया।

राजनीतिक नजरिए से देखें तो यह लगातार मिल रहा सम्मान आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव के लिए भी अहम संकेत माना जा रहा है। जिस तरह अभिषेक गर्ग विभिन्न क्षेत्रों में सक्रियता दिखा रहे हैं और हर वर्ग के लोगों से संपर्क बनाए हुए हैं, उससे उनकी दावेदारी को मजबूती मिलती दिख रही है। अंबेडकर जयंती के इन आयोजनों ने एक बार फिर यह साफ कर दिया है कि अभिषेक गर्ग की राजनीति केवल चुनावी नहीं, बल्कि सामाजिक जुड़ाव पर आधारित है, जो भविष्य की राजनीति में उन्हें एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर सकती है।

# डॉ. अम्बेडकर जयंती अभियान में गाजियाबाद ने भेजी है सबसे पहले रिपोर्ट

## राजन आर्या बाल्मीकि के संयोजन में मिली है यहां सफलता की सपोर्ट



**महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का नेतृत्व यहां दिखाई दिया है। उनके नेतृत्व में ये एक सफलता है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा संगठन अपने आयामों को लेकर पूरी तरह एक्टिव रहता है। यहां कार्यक्रमों की कमान संभालने वाले नेता पूरे शिद्दत से इस दायित्व को निभाते हैं। एक बार फिर महानगर गाजियाबाद ने अपनी सक्रियता और कर्मठता की छाप छोड़ी है। डॉ बीआर अम्बेडकर जयंती पर भाजपा ने एक विशेष अभियान चलाया था। 13 अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल तक यह अभियान चला था। इस अभियान के संयोजक का दायित्व राजन आर्या बाल्मीकि के पास था। यहां बताया जाता है कि यह अभियान बेहद सफल रहा है और इस अभियान में 2244 बूथ कवर हुए हैं जिनमें साहिबाबाद विधानसभा शामिल है। सबसे पहले इस रिपोर्ट को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से भेजा गया है। इस अभियान में स्वच्छता अभियान एक आयाम रखा गया था। इसके अलावा दलित बस्तियों में सम्पर्क अभियान था। छात्रावासों में सम्पर्क करना था और बूथ पर प्रवास करना था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां शत प्रतिशत कार्य किया है और गाजियाबाद महानगर ऐसा पहला जिला बना है जिन्होंने इस अभियान की रिपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सबसे पहले भेजी है। वेस्ट यूपी में गाजियाबाद अपडेट करने में नंबर वन रहा है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का नेतृत्व यहां दिखाई दिया है। उनके नेतृत्व में ये एक सफलता है।

# दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-1 के प्रतिबंध लागू

## खराब श्रेणी में पहुंची हवा की क्वालिटी



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर हवा की क्वालिटी बिगड़ गई है। इसे देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में 'ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान' (ग्रेप) के पहले चरण को लागू कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी में आज वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया है। सीपीसीबी के मुताबिक, गुरुवार को दिल्ली का एक्यूआई 226 के आसपास रहा, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। साथ ही अगले दो दिनों तक दिल्ली-एनसीआर के शहरों का एक्यूआई ₹खराब श्रेणी₹ में ही रहने के आसार हैं।

**40-41 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान :** मौसमी उतार चढ़ाव के बीच अब दिल्ली में तल्ख गर्मी के तेवर देखने को मिल सकते हैं। आने वाले दिनों में तापमान में तेजी से इजाफा होने के आसार हैं। सुबह भले ही थोड़ा सुहाना मौसम बना रहे पर दिन में गर्मी की तेजी से चुभन बढ़ेगी।

गुरुवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 20.3 डिग्री दर्ज किया गया। दिन का तापमान 40 से 41 डिग्री के आसपास रह सकता है। गुरुवार को सुबह साढ़े नौ बजे दिल्ली का एक्यूआइ 224 दर्ज किया गया। इसे 'खराब' श्रेणी में रखा जाता है। एनसीआर के शहरों में भी हवा खराब से मध्यम श्रेणी में चल रही है। पूवार्नुमान है कि हाल फिलहाल इसमें बहुत अधिक बदलाव नहीं होगा।

# अब संसद और विधानसभाओं में बढ़ेगी महिलाओं की हिस्सेदारी : बालेश्वर त्यागी

## 'भारत का नया कानून लिखेगा नया इतिहास'



**'अगर सारे राजनीतिक दल और राजनेता इस कानून का समर्थन करते हैं तो वे देश और समाज में बड़े बदलाव के वाहक बनेंगे।'**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार को तीन दिवसीय संसद के विशेष सत्र में महिला शक्ति वंदन अधिनियम जिसमें महिलाओं को संसद और विधान सभाओं में 30% आरक्षण को लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किए जाएंगे। सरकार ने बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण को लागू करने के लिए यह कदम उठाया है। यह कानून महिलाओं को शासन में भागीदारी देने का बहुत बड़ा ऐतिहासिक निर्णय होगा। इक्कीसवीं सदी का यह सबसे महत्वपूर्ण और युगांतरकारी निर्णय है।

अगर सारे राजनैतिक दल और राजनेता इस कानून का समर्थन करते हैं तो वे देश और समाज में बड़े बदलाव के वाहक बनेंगे। जिस तरह से नारी शक्ति ने अपनी योग्यता और क्षमता का प्रदर्शन करते हुए जीवन के सारे क्षेत्रों में न केवल अपनी भूमिका निभाई है बल्कि अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। लोकतंत्र के सर्वोच्च पंचायत में भी महिलाएं अपने अधिकार स्वरूप अपनी भूमिका पा जाएंगी। देश की आधी आबादी देश के लिए बनने वाले कानूनों में अपने हित और दृष्टिकोण का समावेश करके महिलाएं देश के लोकतंत्र को और समृद्ध करने का काम करेंगी। यह प्रसन्नता की बात है कि देश की महिलाओं में इस कानून को लेकर उत्साह है और वे खुले दिल से इस बदलाव के बड़े निर्णय को सफल बनाने का आह्वान कर रही हैं।

परिवर्तन प्रकृति का नियम है। जो परिवर्तन का स्वागत करते हैं और परिवर्तन के न केवल साक्षी बनते हैं बल्कि उसको सफल बनाने में सहयोग करते हैं, वे इतिहास को गढ़ने वाले बनते में हैं। जिस प्रकार संसद में सभी दलों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास कराने में सहयोग किया था वे इसे लागू करने के लिए कानून का भी समर्थन करेंगे ऐसा विश्वास है। जिन्होंने इस कानून का येन केन प्रकरण विरोध किया, उन्हें समय ने इतिहास के कूड़ेदान में डाल दिया और देर से ही सही कानून बन सका, ऐसे ही ये लागू भी हो जाएगा बस इतना सा होगा कि कुछ इसका विरोध करके अपयश के भागीदार बनेंगे।

17 April -26 page 4 16-04-26 10:08 PM Page 1



## संपादकीय

# महिला आरक्षण नया अध्याय

यह देश की संसदीय प्रणाली में ह्यमहापरिवर्तनह्न का दौर है। संसद का विशेष सत्र 16, 17, 18 अप्रैल को महिला आरक्षण कानून को लागू करने और नए परिसीमन कानून को पारित करने पर विमर्श करेगा। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हों, इस प्रावधान का बिल और कानून बीते 30 सालों से लटका पड़ा है। 1996 में देवगौड़ा सरकार के दौरान सबसे पहले महिला आरक्षण बिल पेश किया गया, तो संसद अगड़ी-पिछड़ी, फैशनेबल, दलित महिलाओं के खांचों में बंट गई थी। बिल को फाड़ दिया गया था। ऐसे भय और ऐसी आशंकाएं मुलायम सिंह यादव, शरद यादव, उमा भारती, लालू यादव सरीखे संसदीय नेताओं ने व्यक्त कीं कि बालकटी, फैशनपरस्त और ऊंचे घरानों की ही महिलाएं, आरक्षण के जरिए, संसद तक पहुंचेंगी। नतीजतन बिल को लटकाया और भटकाया जाता रहा। सितंबर, 2023 में यह बिल मोदी सरकार ने ह्यनारी शक्ति वंदन विधेयकह्न के तौर पर पारित कराया। नवंबर, 2023 में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन गया, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी इसे लागू कर सकती थी, क्योंकि 2011 की जनगणना को आधार बनाया जाना था। लोकसभा की मौजूदा सीटों की संख्या 1971 की जनगणना पर आधारित थी। लंबे 55 साल के बाद परिवर्तन अनिवार्य है, क्योंकि जनसंख्या के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था भी बदल चुकी है। चूंकि यह मामला 2026 तक ह्यफ्रीजह्न रखा गया था, लिहाजा अब सरकार नया परिसीमन आयोग बना रही है और संसद से कानून पारित कराएगी। महिला आरक्षण कानून 2029 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों पर लागू किया जा सके, लिहाजा संसद में 131वां संविधान संशोधन लाया जाएगा। संविधान संशोधन बिल पारित कराने के लिए सरकार को 362 सांसदों का समर्थन चाहिए अथवा सदन में उपस्थित सांसदों का दो-तिहाई बहुमत होना चाहिए। विपक्ष के पाले में 233 सांसद हैं, लिहाजा सरकार के लिए चुनौती है। विपक्ष इसे भी मुद्दा बना रहा है और परिसीमन कानून पर बिल के विरोध में मत-विभाजन मांग सकता है। परिसीमन कानून तो साधारण बहुमत से पारित किया जा सकता है, लेकिन महिला आरक्षण संविधान संशोधन का विषय है, लिहाजा दो-तिहाई बहुमत की दरकार है। बुधवार को विपक्ष की बैठक प्रस्तावित थी। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में मतदान से सिर्फ एक सप्ताह पहले ही संसद का विशेष सत्र क्यों बुलाया गया और महिला आरक्षण तथा परिसीमन कानूनों पर संविधान संशोधन पारित कराने की योजना सरकार ने क्यों बनाई, विपक्ष इसी सवाल से चिपका है। कुछ विशेषज्ञ ऐसी व्याख्याएं भी कर रहे हैं कि महिला आरक्षण कानून 2039 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू नहीं हो सकता, क्योंकि 2027 की जनगणना के बाद एक और परिसीमन की आवश्यकता हो सकती है या 2029 तक परिसीमन का काम सम्पन्न नहीं हो सकता।

# भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों में नया अध्याय

## पीएम मोदी और चांसलर स्टॉकर की उच्चस्तरीय वार्ता

### निवेश और तकनीकी सहयोग को मिलेगा बढ़ावा



**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों और रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार, रक्षा, अंतरिक्ष और खाद्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कुल छह समझौतों, समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और सहमति पत्रों (एलओआई) का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ऑस्ट्रियाई चांसलर के सम्मान में आयोजित एक विशेष लंच के बाद इन समझौतों को अंतिम रूप दिया गया।

विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने इस उच्च स्तरीय दौरे पर एक विशेष ब्रीफिंग में बताया कि हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के नेताओं के बीच व्यापक बातचीत हुई। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं को कवर किया और आपसी हित के क्षेत्रीय तथा वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विस्तार से विचारों का आदान-प्रदान किया।

रक्षा और तकनीक क्षेत्रः सैन्य मामलों, रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी साझेदारी में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक लेटर ऑफ इंटेंट पर मुहर लगी है। यह समझौता इस साल जनवरी में हस्ताक्षरित 'भारत-ईयू रक्षा और सुरक्षा साझेदारी' के आधार पर आगे बढ़ेगा। रोजगार और शांति स्थापनाः युवाओं और पेशेवरों की गतिशीलता के लिए 'वर्किंग हॉलिडे प्रोग्राम' को शुरू करने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही 'इंडिया सेंटर फॉर यूएन पीसकीपिंग' (संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के लिए भारत केंद्र) और 'ऑस्ट्रियाई आर्म्ड फोर्सेज इंटरनेशनल सेंटर' के बीच एक नई साझेदारी का भी ऐलान किया गया है।

कुल मिलाकर, ऑस्ट्रियाई चांसलर की यह भारत यात्रा दोनों देशों के आर्थिक और सामरिक संबंधों में एक नए अध्याय की शुरूआत है। विशेषकर निवेश के लिए स्थापित किया गया 'फास्ट-ट्रैक मैकेनिज्म' और रक्षा व अंतरिक्ष उद्योग में होने वाले संयुक्त प्रयास आने वाले समय में दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय के लिए नए और मजबूत अवसर पैदा करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि चार दशकों के बाद ऑस्ट्रिया के चांसलर की भारत यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# रिकॉर्ड ऊंचाई पर भारत का निर्यात 860 अरब डॉलर पार कर रचा नया इतिहास

## 2025-26 में भारत का निर्यात ऐतिहासिक स्तर पर



### एमएसएमई सेक्टर के लिए 5.27 लाख से अधिक क्रेडिट गारंटी

ईरान युद्ध जैसे संकट से निपटने के लिए सरकार ने फरवरी-मार्च में सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसएमई) को 5.27 लाख से अधिक क्रेडिट गारंटी दी है। इसका मूल्य 92,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके अलावा, एमएसएमई क्षेत्र के लिए इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) जैसी क्रेडिट योजना लाने पर विचार कर रही है।

**नई दिल्ली।** भारत ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्यात के मोर्चे पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है और पहली बार निर्यात का आंकड़ा 860 अरब डॉलर के पार पहुंचा है। सरकार ने ये आंकड़े जारी किए हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में निर्यात के मोर्चे पर नया इतिहास रचा है। वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात पहली बार 860 अरब डॉलर के पार पहुंच गया, जो देश की वैश्विक व्यापार में बढ़ती हिस्सेदारी को दशार्ता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल से मार्च 2025-26 के दौरान कुल निर्यात 860.09 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष के 825.26 अरब डॉलर के मुकाबले 4.22 फीसदी अधिक है।

वस्तु निर्यात में भी हल्की लेकिन सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। यह 2024-25 के 437.70 अरब डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 441.78 अरब डॉलर हो गया। मार्च 2026 में वस्तु निर्यात 38.92 अरब डॉलर रहा, जो पूरे वित्त वर्ष का सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। फरवरी में यह 36.61 अरब डॉलर था। वहीं, आयात 6.51 फीसदी घटकर फरवरी के 63.71 अरब डॉलर के मुकाबले 59.59 अरब डॉलर हो गया। इसके चलते व्यापार घाटा कम होकर 20.67 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, देश के वस्तु निर्यात में एक साल पहले के मुकाबले 7.44 फीसदी कमी दर्ज की गई।

अमेरिकी निर्यात में वृद्धि ने युद्ध का प्रभाव कम करने में मदद की। इस तेजी के पीछे पेट्रोलियम उत्पादों और इंजीनियरिंग वस्तुओं की अहम भूमिका रही। मशीनरी, ऑटो पुर्जे और औद्योगिक उपकरणों की मांग से इंजीनियरिंग क्षेत्र ने मजबूती दिखाई। मांस व डेयरी निर्यात भी बढ़ा।

# सोशल स्टॉक एक्सचेंज में सेबी के बड़े सुधार

## एनपीओ रजिस्ट्रेशन अवधि 2 से बढ़कर 3 साल

### न्यूनतम सब्सक्रिप्शन घटाकर 50% किया



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) को बढ़ावा देने के लिए कई अहम सुधार लागू किए हैं। बुधवार को जारी एक सर्कुलर में, सेबी ने नॉट-फॉर-प्रॉफिट संगठनों (एनपीओ) के लिए रजिस्ट्रेशन की वैधता बढ़ाने और फंड जुटाने की शर्तों को आसान बनाने की घोषणा की है। इन कदमों का मुख्य उद्देश्य बाजार में सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी बढ़ाना और उनके लिए धन जुटाने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है।

### रजिस्ट्रेशन की अवधि में विस्तार

नियामक ने बिना फंड जुटाए सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर पंजीकृत रहने की सीमा को बढ़ा दिया है। पहले यह सीमा दो साल थी, जिसे अब बढ़ाकर अधिकतम तीन साल कर दिया गया है। सेबी ने यह फैसला एनपीओ द्वारा सामना की जाने वाली व्यावहारिक चुनौतियों, जैसे वैधानिक और विनियामक मंजूरियों में होने वाली देरी, को ध्यान में रखते हुए लिया है।

### सख्त निगरानी और रिफंड की शर्त

सेबी के दिशानिर्देशों के तहत, आंशिक फंडरेजिंग वाले मामलों में इन-प्रिंसिपल मंजूरी देने से पहले सोशल स्टॉक एक्सचेंज को उचित जांच करनी होगी। एक्सचेंज को यह सुनिश्चित करना होगा कि जुटाए गए फंड का सार्थक तरीके से उपयोग किया जा सके और प्रोजेक्ट के उद्देश्य व्यावहारिक बने रहें। इसके अलावा, यदि तय न्यूनतम सब्सक्रिप्शन प्राप्त नहीं होता है, तो निवेशकों का पैसा रिफंड कर दिया जाएगा।

### रिटेल निवेशकों की भागीदारी पर जोर

बाजार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सेबी लगातार प्रयास कर रहा है। इससे पहले मार्च में भी सेबी बोर्ड ने सोशल इंपैक्ट फंड्स में व्यक्तिगत निवेशकों की भागीदारी आसान करने के लिए एक बड़ा फैसला लिया था। नियामक ने एनपीओ के लिए फंड जुटाने को सुगम बनाने के उद्देश्य से न्यूनतम निवेश सीमा को 2 लाख रुपये से भारी कटौती करते हुए मात्र 1,000 रुपये कर दिया था।

# चीन बना भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

## द्विपक्षीय व्यापार 151 अरब डॉलर के पार

### आयात बढ़ने से संतुलन पर बढ़ा दबाव



**नई दिल्ली।** टैरिफ के चलते अमेरिकी आयात 15.95 फीसदी बढ़कर 52.9 अरब डॉलर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान चीन को भारत का निर्यात 36.66 फीसदी बढ़कर 19.47 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 16 फीसदी बढ़कर 131.63 अरब डॉलर रहा। चीन, अमेरिका को पीछे छोड़कर 2025-26 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार 151.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इस दौरान चीन के साथ देश का व्यापार घाटा बढ़कर 112.16 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका 2024-25 तक लगातार चार वर्षों तक भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था।

### व्यापार संतुलन में बदलाव

2025-26 में अमेरिका को निर्यात मामूली रूप से 0.92 प्रतिशत बढ़कर 87.3 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 15.95 फीसदी बढ़कर 52.9 अरब डॉलर हो गया। व्यापार अधिशेष 2024-25 के 40.89 अरब डॉलर से घटकर 34.4 अरब डॉलर रह गया। जिन प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ भारत का निर्यात घटा है, उनमें नीदरलैंड, ब्रिटेन, सिंगापुर, बांग्लादेश, सऊदी अरब, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और मलयेशिया शामिल हैं। जिन प्रमुख देशों के साथ 2025-26 में आयात बढ़ा है, उनमें रूस, इराक, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, कतर और ताइवान शामिल हैं।

# पेंशन फंड सुरक्षा को मिला मजबूत कवच

## मनी लॉन्ड्रिंग व धोखाधड़ी पर सख्त निगरानी

**नई दिल्ली।** आम आदमी के जीवन भर की बचत और पेंशन फंड को वित्तीय धोखाधड़ी से बचाने के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। भारत में मनी लॉन्ड्रिंग (काले धन को वैध बनाने) और वित्तीय अपराधों के खिलाफ अपनी लड़ाई को मजबूत करते हुए 'फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया' (एफआईयू-आईएनडी) और 'पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी' (पीएफआरडीए) ने एक व्यापक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार का सीधा मकसद सूचनाओं को साझा करके पेंशन सिस्टम में पारदर्शिता लाना और संदिग्ध लेन-देन पर रोक लगाना है।



आम निवेशक के लिहाज से यह जानना जरूरी है कि पीएफआरडीए भारत में 'नेशनल पेंशन सिस्टम' (एनपीएस) और 'अटल पेंशन योजना' (एपीवाई) सहित पूरे पेंशन सेक्टर का नियमन और विकास करता है। वहीं, एफआईयू-आईएनडी देश की वह केंद्रीय एजेंसी है जो संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जानकारी प्राप्त करने, उसका विश्लेषण करने और मनी लॉन्ड्रिंग व आतंकवाद की फंडिंग के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम देती है। इस महत्वपूर्ण समझौते पर फआईयू-आईएनडी के निदेशक अमित मोहन गोविल और पीएफआरडीए के पूर्णकालिक सदस्य रणदीप सिंह जगपाल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर पीएफआरडीए के अध्यक्ष शिवसुब्रमण्यम रमन भी मौजूद रहे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।
- आपकी लंबाई साधारण तौर पर आपके पिता पर जाती है जबकि दिमागी क्षमता, भावनात्मक मजबूती और शरीर की बनावट मम्मी पर।
- काम करते समय खुद से बातचीत करने से ध्यान भटकना कम होता है।
- 30 से 35 मिनट की पढ़ाई के बाद 10 मिनट का ब्रेक लेने से पढ़ा हुआ याद रखने का सबसे कारगर तरीका है।

## राशिफल

**मेष:** घर में अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहजनक सूचना प्राप्त होगी। मान बढ़ेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। घर-परिवार की चिंता रहेगी।

**वृष:** नवीन वस्त्राभूषण के लिए व्यय होगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य सहज ही होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

**मिथुन:** अप्रत्याशित खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें।

**कर्क:** यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह:** नई योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। नए अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**कन्या:** तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। देवदर्शन के लिए यात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**तुला:** स्वास्थ्य खराब हो सकता है। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक:** किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। यात्रा में जल्दबाजी न करें।

**धनु:** संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे।

**मकर:** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। दांपत्य जीवन सुखमय होगा। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ:** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। बेरोजगारी दूर होगी। अपेक्षित कार्य समय पर पूरे होंगे।

**मीन:** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय अनुकूल लाभ देगा।

## चुटकुले

पत्नी : तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति : जितना मोबाइल को चार्जिंग से
पत्नी : मतलब?
पति : दूर हुआ तो जान निकल जाती है

-------------------

टीचर : बताओ सबसे ज्यादा खुश कौन रहता है?
स्टूडेंट : जिसके पास नेट पैक फुल हो

-------------------

दोस्त : भाई तू जिम क्यों नहीं जाता?
लड़का : क्योंकि वहाँ लोग मेहनत करवाते हैं

-------------------

मम्मी : बेटा फोन छोड़ दे
बेटा : बस 2 मिनट
मम्मी : ये 2 मिनट कब खत्म होंगे?
बेटा : जब बैटरी 1% होगी

-------------------

लड़की : तुम मेरे लिए क्या कर सकते हो?
लड़का : कुछ भी.
लड़की : सच?
लड़का : हाँ, लेकिन ज्यादा महंगा नहीं होना चाहिए

-------------------

बॉस : तुम काम में ध्यान क्यों नहीं देते?
कर्मचारी : सर, ध्यान तो देता हूँ
बॉस : कहाँ?
कर्मचारी : घर जाने के टाइम पर




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# कोहली से टक्कर लेने वाले तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने लिया संन्यास

**ढाका।** रुबेल हुसैन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है, जिससे बांग्लादेश क्रिकेट के एक अहम तेज गेंदबाज का करियर खत्म हो गया। अपने करियर के दौरान उन्होंने कई यादगार प्रदर्शन किए और टीम के गेंदबाजी आक्रमण का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे।

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने फेसबुक पर एक भावुक संदेश में अपने इस फैसले की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय टीम के साथ अपने सफर को याद किया। रुबेल की विराट कोहली से प्रतिद्वंद्विता 2020 के दशक में काफी चर्चा में रही थी। इस दौरान दोनों कई बार मैदान पर भिड़े भी थे। हालांकि, 2018 में निदाहास ट्रॉफी के फाइनल में दिनेश कार्तिक ने रुबेल की खूब पिटाई की थी और बदला लिया था। उसके कुछ साल बाद ही रुबेल टीम से बाहर हो गए थे।

रुबेल ने फेसबुक पर संन्यास का एलान किया

रुबेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



'फेसबुक' पर लिखा, 'राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना मेरे लिए हमेशा बहुत मायने रखता रहा है, लेकिन एक समय ऐसा आता है जब किसी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अलग होना पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया है।' भले ही रुबेल हुसैन वैश्विक मंच को छोड़ रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि वह इस खेल से जुड़े रहेंगे। रुबेल घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे, उन्होंने अपने पूरे सफर के दौरान साथ देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, 'मेरा इरादा घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखने का है। मैं अपने परिवार, दोस्तों, मीडिया कर्मियों और फैंस का धन्यवाद करना चाहूंगा। मुझे विश्वास है कि आने वाले दिनों में भी आप मेरा साथ देते रहेंगे।'

रुबेल और कोहली के बीच की प्रतिद्वंद्विता लंबे समय से चली आ रही ऑन-फील्ड तकरार रही। इसकी शुरूआत उनके अंडर-19 दिनों से मानी जाती है। इस दौरान कई अहम घटनाएं सामने आईं, जिनमें 2011 वर्ल्ड कप का विवाद और 2015 वर्ल्ड कप क्वार्टरफाइनल का आक्रामक सेलिब्रेशन शामिल है, जब रुबेल ने कोहली को आउट कर जोश में जश्न मनाया था। यह सब दोनों खिलाड़ियों के बीच वर्षों से चली आ रही तीखी प्रतिस्पर्धा और स्लेजिंग का हिस्सा रहा है। हालांकि, इन तीखे पलों के बावजूद 2010 से 2019 के बीच दोनों कई बार आमने-सामने आए, लेकिन मैदान के बाहर कोई बड़ी व्यक्तिगत दुश्मनी सामने नहीं आई।

अंडर-19 से शुरूआत: रुबेल के मुताबिक, यह प्रतिद्वंद्विता साउथ अफ्रीका में हुई अंडर-19 ट्राई-नेशन सीरीज के दौरान शुरू हुई थी। उन्होंने दावा किया कि कोहली अक्सर बांग्लादेशी बल्लेबाजों पर स्लेजिंग और अपशब्दों का इस्तेमाल करते थे, जिससे माहौल गर्म हो गया और अंपायर को बीच-बचाव करना पड़ा।

2011 वर्ल्ड कप: मीरपुर में खेले गए उद्घाटन मैच के दौरान कोहली और रुबेल के बीच कहासुनी हुई।

### परिवार और प्रशंसकों को भी दिया धन्यवाद

इस तेज गेंदबाज ने अपने परिवार, दोस्तों, मीडिया पेशेवरों और प्रशंसकों का धन्यवाद किया, और साथ ही यह उम्मीद भी जताई कि उनके करियर के अगले चरण में भी उन्हें उनका समर्थन मिलता रहेगा। रुबेल का अंतरराष्ट्रीय करियर एक दशक से भी ज्यादा समय तक चला। इस दौरान वह बांग्लादेश के प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक बन गए। सभी फॉर्मेट में रुबेल ने एक मजबूत रिकॉर्ड अपने पीछे छोड़ा है। इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 27 टेस्ट मुकाबलों में 36 विकेट हासिल किए, जबकि 104 वनडे मुकाबलों में 129 विकेट निकाले। उनके नाम 28 टी20 मुकाबलों में 28 विकेट दर्ज हैं। उनका योगदान, विशेष रूप से छोटे प्रारूपों में, बांग्लादेश को एक प्रतिस्पर्धी सीमित ओवरों की टीम के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण रहा।

# लियोनल मेसी कानूनी विवाद में फंसे दिग्गज फुटबॉलर ने पूरी नहीं की ये शर्त

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी मुश्किल में घिरते नजर आ रहे हैं। मियामी की इवेंट कंपनी वीआईडी म्यूजिक ग्रुप ने मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी कानूनी विवाद में फंस गए हैं। मियामी की इवेंट कंपनी वीआईडी म्यूजिक ग्रुप ने मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। मामला पिछले साल अक्तूबर में मियामी के हॉर्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए अर्जेंटीना बनाम वेनेजुएला दोस्ताना मैच से जुड़ा है। कंपनी का आरोप है कि मेसी ने इस मैच में खेलने के लिए किए गए लगभग सात मिलियन डॉलर के अनुबंध का उल्लंघन किया। समझौते के तहत उन्हें कम से कम 30 मिनट मैदान पर उतरना था, जब तक कि वे चोटिल न हों। हालांकि, मेसी ने मैच में हिस्सा नहीं लिया और स्टेडियम के एक लग्जरी



सुइट से मुकाबला देखा।

### भारी आर्थिक नुकसान का दावा

कंपनी का दावा है कि उनकी अनुपस्थिति से टिकट बिक्री, स्पॉन्सरशिप और ब्रॉडकास्ट रेवेन्यू पर बड़ा असर पड़ा जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। वीआईडी म्यूजिक ग्रुप के वकील राल्फ पैटिनो के अनुसार, मेसी की भागीदारी इस डील की एक अहम शर्त थी और यह सीधे तौर पर मैच की व्यावसायिक सफलता से जुड़ी हुई थी। कंपनी ने अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के साथ वेनेजुएला और प्यूर्टो रिको के खिलाफ दो मैत्री मैचों के प्रमोशन का करार किया था।

### मेजर लीग सॉकर में खेलने उतरे थे मेसी

दिलचस्प बात यह है कि वेनेजुएला के खिलाफ मैच में नहीं खेलने के बावजूद मेसी अगले ही दिन मेजर लीग सॉकर में अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ के लिए उतरे और अटलांटा के खिलाफ 4-0 की जीत में दो गोल दागे और प्यूर्टो रिको के खिलाफ खेले गए दूसरे दोस्ताना मैच में हिस्सा लिया। प्यूर्टो रिको मैच को पहले शिकागो में आयोजित किया जाना था, लेकिन टिकटों की कम बिक्री के चलते इसे मियामी शिफ्ट करना पड़ा।

# चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका, खलील अहमद चोटिल होकर आईपीएल से बाहर

**चेन्नई।** आईपीएल 2026 में खराब फॉर्म से जूझ रही चेन्नई की टीम को एक और बड़ा झटका लगा है, क्योंकि तेज गेंदबाज खलील अहमद चोट के कारण पूरे टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। यह सीएसके के लिए दोहरी मार जैसा है, क्योंकि टीम पहले ही प्रदर्शन में संघर्ष कर रही थी और अब गेंदबाजी आक्रमण भी कमजोर हो गया है।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज खलील अहमद जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आईपीएल के बाकी बचे सीजन से बाहर हो गए हैं। सीएसके की टीम अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश में जुटी है और ऐसे में खलील का बाहर होना फ्रेंचाइजी के लिए करारा झटका है। टीम ने अब तक पांच में से दो मैच जीते हैं और तीन में हार का सामना करना पड़ा है।

**केकेआर के खिलाफ मैच में मांसपेशियां खिचीं**

खलील ने सीएसके की तरफ से अभी तक सभी पांच मैच में हिस्सा लिया है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स



(केकेआर) के खिलाफ 14 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान अपने दाहिने जांघ की मांसपेशियों में दर्द की शिकायत की थी। वह 3.5 ओवर गेंदबाजी कर चुके थे और आखिरी गेंद के लिए उन्होंने दो बार दौड़े, लेकिन गेंदबाजी जारी नहीं रख सके। इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। आखिरी गेंद गुरजपनीत सिंह ने की थी। खलील ने अब तक सीएसके की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था और उसके गेंदबाजी आक्रमण के मुख्य सदस्य थे।

**खलील को ठीक होने में लगेंगे 10 से 12 हफ्ते**

आईपीएल के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, 'यह ग्रेड दो की चोट है और इसे ठीक होने में कम से कम 10-12 सप्ताह का समय लगेगा।' इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने भारत के लिए 11 वनडे और 18 टी20 मैच खेले हैं। भारत की तरफ से उन्होंने अपना आखिरी मैच जुलाई 2024 में खेला था।

**कौन करेगा गेंदबाजी**

सीएसके के पास अब तेज गेंदबाजों के सीमित विकल्प हैं। टीम के पास जकारी फोक्स और मुकेश चौधरी के रूप में अन्य तेज गेंदबाज हैं। हालांकि, जकारी अब तक डेब्यू नहीं कर सके हैं और उनके पास

### स्पेंसर जॉनसन अब तक टीम से नहीं जुड़े

इसके अलावा टीम के पास रामकृष्ण घोष को भी खिलाने का विकल्प होगा। वह एक पेस बॉलिंग ऑलराउंडर हैं और टीम को बैलेंस दे सकते हैं। हालांकि, गुरजपनीत का फॉर्म भी कुछ खास नहीं रहा है और एक ऑलराउंडर से मेन ओवरों में गेंदबाजी का रिस्क सीएसके के लिए भारी पड़ सकता है। ऐसे में टीम को एक बार फिर नए कॉम्बिनेशन के साथ उतरना पड़ सकता है। पिछले दो मैचों में जीत से टीम ने सही कॉम्बिनेशन ढूंढा ही था कि अब उन्हें खलील के रूप में झटका लगा। नाथन एलिस के रिप्लेसमेंट स्पेंसर जॉनसन अब तक टीम से नहीं जुड़ सके हैं। वह अगर मौजूद होते तो पहले विकल्प होते, लेकिन फिलहाल टीम को मुकेश चौधरी के साथ ही जाना पड़ सकता है, जब तक रिप्लेसमेंट न आ जाए।

# नाम बड़े...दर्शन छोटे! 10+ करोड़ की सैलरी वाले 13 खिलाड़ी जो इस सीजन अब तक रहे फ्लॉप



### आईपीएल 2026: 10 करोड़ से ऊपर की सैलरी वाले फ्लॉप खिलाड़ी

| खिलाड़ी | टीम | ipl 2026 सैलरी |
|---|---|---|
| ऋषभ पंत | LSG | □27.00 करोड़ |
| कैमरन ग्रीन | KKR | □25.20 करोड़ |
| निकोलस पूरन | LSG | □21.00 करोड़ |
| ऋतुराज गायकवाड़ | CSK | □18.00 करोड़ |
| अर्शदीप सिंह | PBKS | □18.00 करोड़ |
| जसप्रीत बुमराह | MI | □18.00 करोड़ |
| सूर्यकुमार यादव | MI | □16.35 करोड़ |
| कार्तिक शर्मा | CSK | □14.20 करोड़ |
| प्रशांत वीर | CSK | □14.20 करोड़ |
| रियान पराग | RR | □14.00 करोड़ |
| रिंकू सिंह | KKR | □13.00 करोड़ |
| ट्रेंट बोल्ट | MI | □12.50 करोड़ |
| वरुण चक्रवर्ती | KKR | □12.00 करोड़ |

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में 10 करोड़ से ज्यादा कीमत वाले कई बड़े नाम अब तक फ्लॉप साबित हुए हैं। ऋषभ पंत से लेकर कैमरन ग्रीन और सूर्यकुमार यादव जैसे स्टार खिलाड़ी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं।

गेंदबाजों और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों का भी प्रदर्शन फीका रहा है, जिससे टीमों के रिजल्ट पर असर पड़ा है। ऐसे में आने वाले मैचों में इन खिलाड़ियों पर वापसी का दबाव बढ़ गया है।

आईपीएल 2026 में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर फ्रेंचाइजी ने 10 करोड़ से ज्यादा खर्च किए, लेकिन उनका प्रदर्शन अब तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।

ये खिलाड़ी अपनी टीमों के लिए मैच विनर बनने की बजाय संघर्ष करते नजर आए हैं, जिससे फैंस और एक्सपर्ट्स दोनों हैरान हैं।

## चार विकेट लेने वाले रसिख की जगह हेजलवुड कैसे बने प्लेयर ऑफ द मैच

**बेंगलुरु।** आईपीएल 2026 के इस मुकाबले के बाद प्लेयर ऑफ द मैच के फैसले पर विवाद खड़ा हो गया है। जहां रसिख सलाम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके, वहीं सिर्फ एक विकेट लेने वाले जोश हेजलवुड को यह पुरस्कार दिया गया। इस फैसले ने फैंस और क्रिकेट एक्सपर्ट्स को हैरान कर दिया है और सोशल मीडिया पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि मैच में असली प्रभाव रसिख का था, जिन्होंने विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। आईपीएल 2026 का 23वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के बीच एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बुधवार को खेला गया।

आरसीबी ने यह मुकाबला पांच विकेट से जीतकर अंकतालिका में पहला स्थान हासिल किया। आरसीबी की जीत में गेंदबाजों की भूमिका अहम रही, जिसमें प्रमुख नाम रसिख सलाम डार का रहा, लेकिन रसिख को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार नहीं दिया गया।

## आरसीबी ने 15.1 ओवर में हासिल किया लक्ष्य

**बंगलूरू।** आरसीबी ने लखनऊ को पांच विकेट से हरा दिया। बुधवार को खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने 146 रन बनाए थे। जवाब में आरसीबी ने 15.1 ओवर में पांच विकेट पर 149 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार की घातक गेंदबाजी के बाद विराट कोहली की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को पांच विकेट से हरा दिया। बुधवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम 20 ओवर में 10 विकेट पर 146 रन ही बना सकी। जवाब में आरसीबी ने 15.1 ओवर में पांच विकेट पर 149 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ आरसीबी ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

# 15 साल के वैभव की फैन हुईं शेफाली बग्गा





**नई दिल्ली।** वैभव सूरयवंशी का शानदार प्रदर्शन उन्हें भारतीय क्रिकेट का अगला बड़ा सितारा बना रहा है। शेफाली बग्गा ने उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और निरंतरता की तारीफ करते हुए उन्हें जल्द टीम इंडिया की टी20 स्क्वॉड में शामिल होने का मजबूत दावेदार बताया है। आईपीएल और अंडर-19 स्तर पर उनके रिकॉर्ड्स इस बात का संकेत हैं कि वह भविष्य में भारतीय क्रिकेट के अहम खिलाड़ी बन सकते हैं।

भारतीय क्रिकेट में उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी को लेकर चर्चा तेज हो गई है। मशहूर एंकर शेफाली बग्गा ने उनके प्रदर्शन की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि वह जल्द ही भारत की टी20 टीम में जगह बना सकते हैं। आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद वैभव ने क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है और अब उन्हें टीम इंडिया के संभावित खिलाड़ियों में देखा जा रहा है।

**'क्लास और आत्मविश्वास बनाता है खास':** शेफाली बग्गा ने वैभव की बल्लेबाजी शैली की तारीफ करते हुए कहा, 'वह बहुत क्लास के साथ खेलते हैं और गेंदबाजों पर हावी रहते हैं।

हमने पिछले साल देखा कि उन्होंने शतक बनाकर सभी को प्रभावित किया।' उन्होंने यह भी बताया कि इतनी कम उम्र में जिस तरह वैभव बड़े गेंदबाजों का सामना कर रहे हैं, वह उनकी खासियत को दर्शाता है। वैभव सूर्यवंशी ने कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अंडर-19 स्तर पर उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

### 'टी 20 टीम में जगह बनाना तय'

शेफाली बग्गा ने वैभव के भविष्य को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा, 'वैभव सूरयवंशी जैसे कई खिलाड़ी हैं, लेकिन उसे खास बनाता है उसका माइंडसेट। मुझे लगता है कि इतनी कम उम्र में ही वह भारतीय टी20 टीम में जरूर नजर आएगा।' उन्होंने यह भी कहा कि सबसे युवा खिलाड़ियों में शामिल होना उनकी यात्रा को और खास बनाता है। बिहार से आने वाले वैभव ने बहुत कम उम्र में रणजी डेब्यू किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ 58 गेंदों में शतक जड़ा और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए सबसे युवा खिलाड़ी और सबसे युवा शतकवीर बनने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। साथ ही, अंडर-19 वर्ल्ड कप में उन्होंने फाइनल में 175 रन की शानदार पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता।

# ऋषभ पंत के हाल चाल जानने पहुंचे विराट कोहली

**बंगलूरू।** आरसीबी के खिलाफ मुकाबले में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत चोटिल हो गए थे। विराट कोहली मैच के बाद उनका हालचाल जानने पहुंचे। सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीर वायरल हो रही है।

आईपीएल 2026 का रोमांच खिलाड़ियों और प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बुधवार को खेले गए मुकाबले में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत चोटिल हो गए और रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। हालांकि, बाद में वह बल्लेबाजी के लिए आए; कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके।



### चोटिल हुए पंत

बंगलूरू में खेले गए मुकाबले में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत के चोटिल होने की घटना ने सभी का ध्यान खींचा। मैच के दौरान पंत को बल्लेबाजी करते हुए गंभीर चोट लगी। वह तीसरे ओवर में एडेन मार्करम के आउट होने के बाद मैदान पर आए थे। जोश हेजलवुड की गेंद पर खेलते समय उन्हें शुरूआत में ही परेशानी महसूस हुई और पांचवें ओवर में एक शॉर्ट गेंद उनके बाएं कोहनी (एल्बो) पर जोर से जा लगी। इस चोट के बाद पंत दर्द से कराहते नजर आए, यहां तक कि उनकी आंखों में आंसू भी दिखे। फिजियो के मैदान पर आने के बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा। हालांकि, टीम की खराब स्थिति को देखते हुए पंत बाद में 16वें ओवर में फिर बल्लेबाजी करने लौटे, जब टीम का स्कोर 118/5 था। लेकिन वह ज्यादा देर टिक नहीं सके और भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर विकेटकीपर फिल सॉल्ट के हाथों कैच आउट हो गए। उन्होंने सिर्फ छह गेंदों में एक रन बनाया।

### पंत का हालचाल जानने पहुंचे कोहली

मुकाबला खत्म होने के बाद एक दिल छू लेने वाला दृश्य भी देखने को मिला, जब विराट कोहली खुद ऋषभ पंत से मिलने उनके ड्रेसिंग रूम पहुंचे और उनका हालचाल जाना।

# वैशाली इतिहास रचने वाली पहली भारतीय महिला

## आत्मविश्वास से जीता कैंडिडेट्स खिताब

**नई दिल्ली।** आर वैशाली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिडे महिला कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट 2026 जीतकर इतिहास रच दिया और अब वह जू वेनजुन को विश्व चैंपियनशिप में चुनौती देंगी। शांत स्वभाव, मजबूत आत्मविश्वास और मां के साथ ने उन्हें मुश्किल हालात में भी केंद्रित रखा और जीत तक पहुंचाया।



भारतीय शतरंज जगत में एक नया अध्याय लिखते हुए आर वैशाली ने अपनी शांत दृढ़ता, आत्मविश्वास और पारिवारिक समर्थन के दम पर फिडे महिला कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट 2026 का खिताब जीत लिया है। यह उपलब्धि उन्हें इतिहास में पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनाती है जिसने यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट जीता।

**आत्मविश्वास और मां का साथ बना सबसे बड़ी ताकत:** वैशाली की सफलता की कहानी सिर्फ उनके खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके व्यक्तित्व और पारिवारिक माहौल में भी गहराई से जुड़ी हुई है। अपने शांत स्वभाव और मजबूत मानसिकता के लिए जानी जाने वाली वैशाली अक्सर अपनी मां के साथ नजर आती हैं। उनकी मां की खामोश मौजूदगी उन्हें हर कठिन परिस्थिति में स्थिर और केंद्रित बनाए रखती है। साइप्रस के पाफोस में खेले गए इस टूनार्मेंट में वैशाली आठ खिलाड़ियों में सबसे कम रेटिंग वाली प्रतिभागी थीं।

### दिग्गज खिलाड़ियों के बीच बनाई पहचान

इस टूनार्मेंट में एलेक्जेंड्रा गोरियाचकिना, बिबिसारा असाउबायेवा, झू जिनर और टैन झोंगयी जैसी दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी में वैशाली को प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा था। यहां तक कि भारत की दिव्या देशमुख को उनसे ज्यादा मजबूत माना जा रहा था। लेकिन वैशाली ने इन सभी धारणाओं को गलत साबित किया।

### अब विश्व चैंपियनशिप पर नजर

इस जीत के साथ वैशाली अब चीन की जू वेनजुन को महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चुनौती देंगी। उन्होंने खुद इस जीत को 'सपने के सच होने' जैसा बताया और कहा कि कठिन क्षणों में भी फोकस बनाए रखना उनकी सफलता की कुंजी रहा। वैशाली की कहानी यह साबित करती है कि आत्मविश्वास, निरंतर मेहनत और परिवार का साथ किसी भी खिलाड़ी को शिखर तक पहुंचा सकता है। अब पूरी दुनिया की नजर उनके अगले बड़े मुकाबले पर टिकी है, जहां एक बार फिर उनकी शांत ताकत और मानसिक दृढ़ता की परीक्षा होगी।

# चिन्नास्वामी के डीजे पर क्यों भड़की चेन्नई की टीम

## 'डोसा-इडली-सांभर' को लेकर BCCI से शिकायत

**लखनऊ।** आईपीएल 2026 में सीएसके और आरसीबी के मैच के दौरान डीजे द्वारा बजाए गए एक विवादित गाने और की गई टिप्पणियों ने नया बवाल खड़ा कर दिया है। सीएसके ने इसे अपमानजनक बताते हुए बीसीसीआई से शिकायत की है। बोर्ड ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह विवाद सिर्फ एक गाने तक सीमित नहीं है, बल्कि मैच के दौरान खिलाड़ियों को लेकर की गई टिप्पणियों पर भी सवाल उठे हैं, जिससे लीग में आचार संहिता और मैच प्रबंधन को लेकर नई बहस शुरू हो गई है।





आईपीएल 2026 में एक नया विवाद सामने आया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से से शिकायत की है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच के दौरान बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में डीजे द्वारा बजाए गए गाने और की गई टिप्पणियां अच्छी नहीं थीं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, सीएसके ने शिकायत दर्ज करवाई है, उसमें कहा गया है कि मैच के दौरान 'डोसा, इडली, सांभर, चटनी' वाला वायरल गाना बजाया गया। यह गाना गना अप्पू ने गाया है और अक्सर सोशल मीडिया पर साउथ इंडियन स्टीरियोटाइप से जोड़कर इस्तेमाल किया जाता है।

काशी विश्वनाथन ने इस मामले पर कहा, 'जितेश वाली घटना के बाद इसे काफी समय से नहीं दोहराया गया था। डीजे का काम विपक्षी खिलाड़ियों पर टिप्पणी करना नहीं है। इसके अलावा, हम खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि हमारे पास बड़ी संख्या में हमारा समर्थन करने वाला शानदार फैनबेस है।'

### पुराने विवाद से भी जुड़ा है गाना

यह गाना चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच पुरानी प्रतिद्वंद्विता से भी जुड़ा रहा है। फैंस अक्सर इसे सोशल मीडिया पर इस्तेमाल करते रहे हैं। पिछले साल जितेश शर्मा का इस गाने को गाते हुए वीडियो भी सामने आया था, जिस पर सीएसके के फैंस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। उस घटना के बाद सीएसके के मैनेजमेंट ने कथित तौर पर अधिक स्पष्ट दिशानिर्देश लागू किए, ताकि डीजे विपक्षी खिलाड़ियों या फैंस को निशाना बनाने से बचें।

### सीएसके मैनेजमेंट की कड़ी प्रतिक्रिया

सीएसके के मैनेजिंग डायरेक्टर काशी विश्वनाथन ने भी इस मुद्दे पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, 'डीजे आमतौर पर घरेलू टीम का समर्थन करते हैं, लेकिन चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थिति अलग थी। हमारे खिलाड़ियों के खिलाफ कुछ टिप्पणियां की गईं, इसी वजह से हमने बीसीसीआई को पत्र लिखा है।' उन्होंने आगे यह भी जोड़ा, 'डीजे का काम विपक्षी खिलाड़ियों का अपमान करना नहीं है।'

# गाजियाबाद आसपास




# कनावनी झुग्गी बस्ती में भीषण आग, 125 झोपड़ियां जलकर खाक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनावनी गांव के समीप गुरुवार दोपहर झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने टीन शेड से बनी अस्थायी झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि प्रशासन और फायर विभाग की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सूचना के अनुसार दोपहर 12:17 बजे वैशाली फायर स्टेशन कंट्रोल रूम को आग लगने की जानकारी मिली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के निर्देशन में वैशाली, साहिबाबाद और कोतवाली सहित मोदीनगर व लोनी फायर स्टेशन से फायर टेंडर तत्काल मौके के लिए रवाना किए गए। साथ ही गौतमबुद्ध नगर से भी फायर यूनिट्स की सहायता ली गई।

मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि आग तेजी से फैल रही थी और झोपड़ियों के अंदर रखे घरेलू गैस सिलेंडरों में लगातार विस्फोट हो रहे थे। घना धुआं और तेज लपटें दूर तक फैल रही थीं। करीब 22 फायर टेंडर, नगर निगम के हाई प्रेशर टैंकर और निजी संस्थानों की मदद से आग पर चारों तरफ से पानी डालकर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया।







करीब 2 बजे तक आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिसके बाद मलबे के नीचे दबी आग को बुझाने और कूलिंग का कार्य शुरू किया गया। शाम लगभग 4 बजे आग पूरी तरह बुझा दी गई, हालांकि देर तक कूलिंग जारी रही। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी, पुलिस उपायुक्त (ट्रांस हिंडन), उपजिलाधिकारी (सदर) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के अनुसार इस अग्निकांड में लगभग 125 झुग्गी-झोपड़ियां, स्क्रैप के गोदाम और एक डॉग शेल्टर जलकर नष्ट हो गए हैं। राहत की बात यह रही कि किसी भी व्यक्ति के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। संबंधित विभागों द्वारा नुकसान का आंकलन करने के लिए सर्वे कराया जा रहा है।

## प्रशासन के समन्वय से टला बड़ा हादसा



### समन्वय से टला बड़ा हादसा : जिलाधिकारी

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी गाजियाबाद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीमों को तत्काल मौके पर भेजा गया। सभी विभागों के बेहतर समन्वय के चलते आग पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य प्राथमिकता पर चलाया गया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया।

### मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल का बयान



**करंट क्राइम।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आग की विकरालता को देखते हुए संयुक्त टीमों द्वारा सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। गैस सिलेंडरों के विस्फोट के बावजूद फायर टीमों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग को नियंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब 125 झुग्गियां, स्क्रैप गोदाम और डॉग शेल्टर नष्ट हुए हैं, जबकि किसी भी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। साथ ही आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# ऑपरेशन प्रहार में छात्रों को किया जागरूक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित विश्व भारती पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, एसओ श्वेता सिंह पुलिस टीम मौजूद रही और करीब 300 छात्रों ने भाग लिया। अधिकारियों ने नशे व अवैध हथियारों के नुकसान बताते हुए छात्रों को इनसे दूर रहने और सकारात्मक जीवन अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जागरूकता फैलाई गई, जिसे छात्रों ने उत्साह से सराहा।



# निवाड़ी व पतला के नामित सभासदों को दिलाई गई शपथ

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पंचायत निवाड़ी कार्यालय परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह ने कस्बा निवाड़ी व पतला के छह नामित सभासदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अजित सिंह ने नगर पंचायत निवाड़ी की संगीता त्यागी, रजनीश त्यागी, सतेंद्र वाल्मीकि व पतला के शंकर प्रजापति, राजेंद्र कुमार सैनी व सोहित को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अनिल त्यागी, अधिशासी अधिकारी आंचल पांडेय व संचालन अधिवक्ता बिजेंद्र बाल्मीकि ने किया। इस मौके पर प्रदीप त्यागी, वीरेंद्र पहलवान, राकेश त्यागी, जितेंद्र त्यागी, श्यामसुंदर त्यागी, भकियू नेता वीरेंद्र त्यागी, अमित मोनू, साधन सहकारी समिति के सभापति प्रवीण त्यागी, राजभूषण त्यागी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



## इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल



श्रीणिका कोठियाल (99) | प्रतीक मिश्रा (99) | समिक्षा मिश्रा (99) | सारथक बंगा (99%) | अभिराज सिंह (98) | आद्यशा मिश्रा (98

## महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल वसुंधरा



पूनिया झां (98.2) | आरना कपूर (98) | नित्या राहुल (96) | उप्रपल्ली अशनी - (96) | प्रांशी प्रखर -(95.8) | यशिका श्रीवास्तवा (95)



अनिकेत जोशी 96.80% मॉडर्न स्कूल, वैशाली | दर्श अग्रवाल 87% डीपीएस राजनगर | वेदांश शर्मा 95.6% डीपीएस,एचआरआईटी कैंपस | फारेहा अफजल, 98% डीपीएस ग्रेटर नोएडा | मंजरी 89.8% उत्तम स्कूल | तनिष्का तिवारी, 98% रैली इंटरनेशनल स्कूल

आशी राय 94% रेयान इंटरनेशनल स्कूल | कृष्णा बंसल 95.6 % खेतान पब्लिक स्कूल | अवनी गुप्ता 71.2 % श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय | अभिनव शर्मा 91% चौधरी छबीलदास पब्लिक स्कूल | श्रेणी 96% | युवराज सिंह (81%) स्वामी विवेकानन सरस्वती विद्या मंदिर

# मातृभूमि सेवा संघ ने सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा को पुन: सुसज्जित किया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मातृभूमि सेवा संघ के सदस्यों ने महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का पुनः सुसज्जित कर एक नया रूप प्रदान करने का काम किया। बिसोखर रोड स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लंबे समय से उपेक्षित अवस्था में थी। प्रतिमा का रंग-रोगन पूरी तरह से उतर चुका था, जिससे प्लास्टर भी कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो रहा था। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए मातृभूमि सेवा संघ के सदस्यों ने प्रतिमा का पुनः रंग-रोगन व मरम्मत कार्य संपन्न कराया। संघ के कार्यकर्ताओं ने पूरे समर्पण के साथ प्रतिमा को सुंदर एवं सुसज्जित रूप प्रदान किया। जिससे अब प्रतिमा पुनः अपनी गरिमा के अनुरूप दिखाई दे रही है। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने एकत्रित होकर नेताजी के अद्वितीय साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन किया तथा उनके बलिदान को स्मरण किया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने देश के प्रति समर्पण और सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।



# एसआरएम आईएसटीए में मेगा जॉब फेयर-2026 का आयोजन




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, में वीरवार को मेगा जॉब फेयर-2026 के आयोजन को लेकर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के डीन डॉ0 आरपी महापात्रा एवं डीन आईक्यूएसी डॉ0 धौम्या भट्ट ने मेले से संबंधित जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मेगा जॉब फेयर-2026 का आयोजन 17 अप्रैल, शुक्रवार सुबह 10 बजे से संस्थान परिसर में किया जाएगा। यह आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर करियर सर्विस नोएडा व श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें 34 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इस जॉब फेयर में एनसीआर क्षेत्र के 18 से 32 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इस दौरान मीडिया प्रभारी डॉ0 नीतिन धामा भी मौजूद रहें।

## युवक ने की फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त, पुलिस जांच में जुटी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक युवक ने किन्ही संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानान्तर्गत संजयपुरी कॉलोनी निवासी अमित (35) युवक ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधिक कर्ज और कंपनी द्वारा वेतन का भुगतान ना किये जाने के चलते आत्महत्या किये जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामलेकी जांच कर रही है। सूचना पर पंहुची पुलिस ने युवक के शव का पचनामा भर पीएम के लिये भेज दिया है।



आर्यन मौर्य (90.8%) दीवान पब्लिक स्कूल (मेरठ) | अविकक्षित कुश (95.1%) डीपीएस इंदिरापुरम | आयरा खान (97%) सन वैली इंटरनेशनल स्कूल




## क्या खत्म हो गया कार में बार वाला अभियान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार कई तरीके के अभियान चल रहे हैं और उनपर कार्रवाई के नजराने भी नजर आते थे लेकिन बीते लगभग एक महीने से अधिक का समय बीत गया है कि सूर्य अस्त होते ही कार को बार बनाने वालों के खिलाफ किसी भी जोन से पुलिस का कोई अभियान नहीं आया है। वैसे बताया जा रहा है साल के पहले महीने और कछ तो कार में बार वाले अभियान ने हल्ला मचाया था। सुनने में आ रहा है कि कई थानाक्षेत्रों में इनके जरिये टेंशन बढ़ गई थी तो सुनने में तो यहां तक आया था कि कई थानों में नफरी का भी खेल जमकर खेला गया था। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के बीच विशेष सूत्रों ने जानकारी दी है कि एक दिन तो साहब ने ही एक नंबर दो वाले पोजीशन के अधिकारी को निर्देशित किया था, बताया जा रहा है कि पर अब तक इसके इफैक्ट बाहर नहीं आए हैं। वहीं अब सवाल उठ रहा है कि जब साहब ने कहा तो अमल क्यों नहीं हो रहा है। सवाल तो यह है कि उनको भी कहने का कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है। अब सवाल उठ रहा है कि साहब के जो भी अभियान उनकी पुलिस चलाती है वह बीच में दम को तोड़ देते हैं। वैसे आजकल तो सारा जोर प्रहार पर ही चल रहा है और प्रहार का मामला भी किसी से छुपा नहीं है। वहीं इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पहले भी कई अभियान बहुत प्रमुखता से शुरू किए गए हैं लेकिन वह बीच में ही शांत हो गए थे। अब बताया जा रहा है कि सिटी जोन के तीन थानों में काम बहुत तेजी से चल रहा है, जिसमें से दो का बड़ा खाना जल्दी हो सकता है। दोनों की तारीख जल्द ही आने वाली है। तो सिटी जोन का सबसे टेंशन- अटेंशन वाला थाना कुछ ऐसा निखर कर आ रहा है कि उसकी शक्ल और निखार ऐसा आएगा कि लोग यहां सेल्फी और रील भी बनाएंगे। कहा तो अब यह भी जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अब सड़क से ही थाने का पहाड़ और वॉटर फाउंटेन और स्टैचू इस थाने की नई सूरत बदलने का काम करेंगे। वैसे बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट में होने वाले बड़े बदलावों के लिए एसीपी वाली बड़ी लिस्ट का वेट हो रहा है। इसके बाद टू-स्टार के बंपर बदलाव देखने को मिलेंगे।




## नारी शक्ति वंदन अधिनियम : सशक्त भारत की ओर ऐतिहासिक कदम

### यह अधिनियम महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का नये आयाम खोलेगा : अमृता सिंह



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में गुरुवार का दिन एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना देश की आधी आबादी को उनके अधिकार और सम्मान दिलाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। भाजपा नेत्री अमृता सिंह ने बताया कि अधिनियम महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का नया आयाम खोलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में दशकों से लंबित इस विषय को जिस दृढ़ता से आगे बढ़ाया गया, वह महिला सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह ऐतिहासिक कदम न केवल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान अधिकार भी देगा।

आज का भारत नारी शक्ति को केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि अवसर देने की दिशा में अग्रसर है। यह अधिनियम इस सोच का प्रमाण है कि सशक्त महिलाएं ही समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं। इस दूरगामी निर्णय के लिए देशवासी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त कर रहे हैं, क्योंकि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए समान अवसरों वाला भारत बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम, अनुष्का रावत ने किया टॉप



SCHOOL TOPPER ANUSHKA RAWAT 99.2% | AVI SINGHAL 98.0% | ANJALI GOGIA 96.8% | SHREYAS SAHA 96.8% | SATWIKK SAXENA 96.6% | DHAIRYA GARG 96.6% | TAVISHI GUPTA 96.6% | SARA YOGESH SINGH 96.6% | YATHARTH NAUTIYAL 96.6%

AKSHIT GOEL 96.4% | PAVNI SINGHAL 96.4% | DHWANI GARG 96.2% | SAMAIRA SAIFI 96.2% | SAURISH NIGAM 96.0%

AKSHAJ DIXIT 95.8% | ATHARV SHARMA 95.8% | AVINASH SINGH 95.2% | VAISHNAVI YADAV 95.2% | SARTHAK GARG 95.0%

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 15 अप्रैल 2026 को घोषित परिणाम में अनुष्का रावत ने 99.2% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। परीक्षा में 19 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक और 43 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल के कुल 92% विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 66% ने 75% से अधिक अंक हासिल किए। विशेष रूप से जर्मन, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान और आईटी जैसे विषयों में कई छात्रों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन, वाइस चेयरमैन नमन जैन, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन प्रणव जैन और प्रधानाचार्या डॉ. गीता जोशी ने मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नेशनल पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर में जश्न का माहौल



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 RANK PIYA DAGAR 97% | 2 RANK CHAARVI SINGH 95.2% | 3 RANK SIMRAN 94.2% | 4 RANK PRANJAL YADAV 93.4% | 5 RANK ADITI RAI 93% | 6 RANK ANSHIKA SRIVASTAVA 92.8% | 7 RANK BHUMIKA 92% | 8 RANK ANSHIKA SINGH 91.8% | 9 RANK SAANVI RAJPUT 91.4% |
| 10 RANK YASHASVI PANDEY 91.4% | 11 RANK TAKSH KASANA 91% | 12 RANK MANIK LALIYAN 91% | 13 RANK JITENDRA SINGH 90.8% | 14 RANK RUDRAKSHEE CHAUHAN 90.6% | 15 RANK LAKSHITA KASANA 90.4% | 16 RANK DIVYANSHI KUMAR 90.4% | 17 RANK VIRAJ 90.2% | 18 RANK VAANI SHARMA 90% |

### दसवीं कक्षा में छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में जश्न का माहौल रहा। पिया डगर 97 प्रतिशत प्रथम, चारवी 95.2 द्वितीय और सिमरन 94.2 तृतीय स्थान पर रहीं। प्रांजल, अदिती राय, अंशिका श्रीवास्तव, भूमिका, अनुष्का सिंह, दक्ष, मानिक, जितेन सिंह, रुद्राक्षी, लक्षिता, दिव्यांश कुमार, विराज, वाणी आदि सभी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय के अध्यक्ष शांतनु शर्मा, उपाध्यक्ष प्रियांशु शर्मा और प्रधानाचार्या रीना शर्मा ने छात्रों के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। यह उपलब्धि शिक्षकों, छात्रों की कड़ी मेहनत और स्कूल की प्रशासनिक कुशलता को दर्शाती है। प्रधानाचार्या ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से अपने सपनों को साकार करें।

आपकी सफलता आपके कठिन परिश्रम का परिणाम है। ज्ञान की इस यात्रा में हमेशा आगे बढ़ते रहो। आप देश का भविष्य है। नई ऊंचाइयों को छुएं, अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

## अधिशासी अभियंता ने स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ गिनायें



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता के कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में मकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर यानि प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के प्रति उपभोक्ताओं के बीच भ्रांतियां फैली हुई है। पूरी जानकारी न होने के कारण उपभोक्ता इन भ्रांतियों के कारण असहज है। महेश उपाध्याय के मुताबिक विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर यानी प्रीपेड मीटर से बहुत लाभ है। स्मार्ट मीटर में निर्धारित रिचार्ज से अधिक देय होने पर विच्छेदन से पूर्व तीन बार नोटिफिकेशन उपभोक्ता को प्राप्त होगा, ताकि वह समय से रिचार्ज कर विच्छेदन की असुविधा से बच सके। महेश उपाध्याय के ने बताया कि यदि रिचार्ज ना हो पाए और विद्युत विच्छेदित हो जाए तो रिचार्ज करने पर पुनः ही विद्युत आपूर्ति चालू हो जाती है। महेश उपाध्याय ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि स्मार्ट मीटर का विरोध करने की बजाय स्मार्ट मीटर लगवाए और उसके लाभ उठायें।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने बरसाने में मां राधा रानी के मंदिर में पूजन अर्चन किया। श्री गिरीराज जी भगवा की पूजा अर्चना की। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी के साथ इस तीर्थ यात्रा में विशंबर प्रसाद, कुलदीप तेवतिया, सोमवीर सिंह, संजय चौधरी, मुख्य रूप से साथ थे। पूजन अर्चन और श्रृद्धा भाव की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# अंबेडकर जयंती पर शिक्षा, समानता और संविधान के मूल्यों का संदेश

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर गिनी देवी मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई।

डॉ0 केएन मोदी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ0 पीएन ऋषिकेशा एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ0 दीपांकर शर्मा व महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 एकता भारद्वाज सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक डॉ0 मंजू शिवाच कहा कि डॉ0 अंबेडकर का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शिक्षा और समान अवसर ही समाज को सशक्त बनाते हैं, वहीं ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने बाबा साहेब के संघर्षों को भी प्रासंगिक बताते हुए युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। पूर्व चेयरमैन अशोक माहेश्वरी ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, भाषण, कविता व संविधान पर आधारित सामूहिक पाठ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से संपन्न हुआ। अंत में प्राचार्या डॉ0 एकता भारद्वाज ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए वंदेमातरम् व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर सुमन चैधरी, पिंकी चैधरी, सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।



# होर्मुज की नाकेबंदी पर ईरान की यूएस को धमकी

## कहा- पहली मिसाइल से ही अमेरिकी जहाजों को डुबो देंगे

**तेहरान।** अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने के बाद खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है, जबकि ईरान ने अमेरिकी जहाजों को डुबोने की धमकी दी है।

इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत नाकाम होने के बाद हालात बिगड़ गए हैं। अमेरिका ने अरब और ओमान की खाड़ी में ईरानी बंदरगाहों की पूरी तरह नाकेबंदी कर दी है। अब किसी भी देश का जहाज ईरान के बंदरगाहों पर न तो आ सकता है और न ही वहां से जा सकता है। अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत ओमान की खाड़ी में लगातार गश्त कर रहे हैं।

### ईरान ने दी धमकी

इस कार्रवाई पर ईरान ने बहुत सख्त रुख अपनाया है। ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के सैन्य सलाहकार मोहसिन रेजाई ने अमेरिका को सीधी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका होर्मुज



जलडमरूमध्य की नाकेबंदी करने का फैसला करता है, तो ईरान अमेरिकी जहाजों को डुबो देगा।

मोहसिन रेजाई को पिछले महीने ही सैन्य सलाहकार नियुक्त किया गया था। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या ट्रंप अब होर्मुज जलडमरूमध्य के पुलिस बनना चाहते हैं? उन्होंने सवाल किया कि क्या यह वास्तव में आपका काम है? क्या यह अमेरिका जैसी शक्तिशाली सेना का काम है? एक सरकारी टीवी चैनल को दिए बयान में रेजाई ने कहा कि अमेरिकी जहाज ईरान की पहली मिसाइल की मार से ही समुद्र में डूब जाएंगे।

उन्होंने दावा किया कि ये जहाज निश्चित रूप से ईरानी मिसाइलों की चपेट में आ सकते हैं और हम इन्हें नष्ट कर सकते हैं।

### मोहसिन रेजाई नहीं चाहते युद्धविराम

रेजाई ने यह भी कहा कि अगर अमेरिका ईरान पर जमीनी हमला करता है, तो यह ईरान के लिए और भी अच्छा होगा। उन्होंने दावा किया कि वे हजारों अमेरिकी सैनिकों को पकड़ लेंगे और फिर हर एक बंधक सैनिक के बदले अमेरिका से एक अरब डॉलर की मांग करेंगे। रेजाई ने साफ किया कि वे व्यक्तिगत रूप से युद्धविराम को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं हैं।

### संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख ने की अपील

बढ़ते तनाव को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने एक बार फिर शांति की अपील की है। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय गहरे तनाव और मानवीय पीड़ा के दौर से गुजर रही है। उन्होंने सभी देशों से बातचीत करने, तनाव कम करने और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करने को कहा है।

### पोप लियो की शांति की अपील

वहीं, पोप लियो ने भी कहा है कि दुनिया शांति के लिए तरस रही है। उन्होंने हिंसा और युद्ध का रास्ता छोड़कर प्रेम और न्याय अपनाने पर जोर दिया। पोप ने कहा कि युद्ध से होने वाली मौत और विनाश के दर्द को अब और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## 'हथियार नहीं इंसाफ और करुणा से ही आएगी शांति'

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप और पोप के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। पोप ने दुनिया से हिंसा छोड़कर न्याय और प्रेम पर आधारित निर्अस्त्र शांति अपनाने की अपील की, जबकि ट्रंप ने ईरान के मुद्दे पर पोप के रुख की आलोचना करते हुए उन्हें कमजोर बताया और परमाणु खतरे पर सख्त रुख दोहराया।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप और पोप लियो क्श के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। एक ओर जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पोप पर निशाना साधा है, वहीं पोप ने वैश्विक शांति की अपील करते हुए हिंसा को त्यागने का संदेश दिया है।

पोप ने यह भी स्पष्ट किया कि सच्ची शांति जबरदस्ती से नहीं आती, बल्कि यह विश्वास, सहानुभूति और उम्मीद पैदा करती है।

उन्होंने निर्अस्त्र शांति की अवधारणा पर बल देते हुए कहा कि यही मॉडल दुनिया को स्थिरता की ओर ले जा सकता है।

## चीन ईरान को हथियार नहीं देगा, अमेरिका का दावा

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने चीन और ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि चीन ने अमेरिका को आश्वासन दिया है कि वह ईरान को किसी भी प्रकार के हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा।



### चीन से बातचीत का दावा

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच सीधी बातचीत हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति और चीनी राष्ट्रपति के बीच संवाद के बाद यह स्पष्ट किया गया कि ईरान को हथियार भेजने की कोई योजना नहीं है।

### ईरान को सख्त संदेश

अमेरिकी रक्षा मंत्री ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि उसे सोच-समझकर फैसला लेना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करेगा कि ईरान किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल न कर सके। अमेरिका ने बताया कि वह बेहद कम सैन्य संसाधनों के साथ ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी लागू कर रहा है। अब तक कई जहाजों ने चेतावनी के बाद रास्ता बदल लिया है, जबकि किसी जहाज को जबरन रोका नहीं गया है। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने कहा कि उनकी सेनाएं किसी भी समय कार्रवाई के लिए तैयार हैं। यदि स्थिति बिगड़ती है, तो जवाब तुरंत दिया जाएगा।

## 34 साल बाद बातचीत करेंगे इस्राइल और लेबनान

### ⇨ राष्ट्रपति ट्रंप बोले- बढ़िया शुरूआत

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच इस्राइल और लेबनान के बीच 34 साल बाद शीर्ष स्तर की बातचीत की संभावना बनी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और राष्ट्रपति जोसेफ औन के बीच बातचीत हो सकती है, जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने इसे ऐतिहासिक पहल बताया है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस्राइल और लेबनान के बीच लंबे समय बाद उच्च-स्तरीय बातचीत की संभावना ने कूटनीतिक हलचल तेज कर दी है। इस्राइल की सुरक्षा कैबिनेट के एक सदस्य ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जल्द ही लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से बातचीत कर सकते हैं।

ट्रंप ने कहा- दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की कोशिश

इसी बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति



डोनाल्ड ट्रंप ने इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए घोषणा की कि इस्राइल और लेबनान 34 साल बाद शीर्ष स्तर पर संवाद करेंगे। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि यह कोशिश दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और थोड़ी राहत देने के उद्देश्य से की जा रही है।

**इस्राइली सेना और हिजबुल्ला के बीच टकराव जारी**

यह संभावित वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब इस्राइल और लेबनान के बीच तनाव लगातार बना हुआ है, खासकर इस्राइली सेना और हिजबुल्ला के बीच टकराव को लेकर। हालांकि संघर्ष को रोकने के लिए युद्ध विराम लागू किया गया था, लेकिन जमीनी हालात अब भी संवेदनशील बने हुए हैं।

**दोनों देशों के बीच हो चुकी है त्रिपक्षीय बैठक**

इससे पहले मंगलवार को अमेरिका ने इस्राइल और लेबनान के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय बैठक की मेजबानी की, जो 1993 के बाद पहली उच्च-स्तरीय पहल थी। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इस बैठक में प्रत्यक्ष वार्ता शुरू करने, युद्धविराम लागू करने, सुरक्षा सहयोग बढ़ाने और व्यापक शांति ढांचे की दिशा में आगे बढ़ने पर सहमति बनी।

बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, काउंसलर माइकल नीडहैम, लेबनान में अमेरिकी राजदूत लिसा ए. जॉनसन, अमेरिका में इस्राइल के राजदूत येचियल लेटर और अमेरिका में लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवावाद शामिल हुए।

## अमेरिका होर्मुज में नाकेबंदी से ईरान पर शिकंजा कस रहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान की समुद्री नाकेबंदी सख्त कर दी है। इस बीच अमेरिकी युद्धपोत ने एक ईरानी मालवाहक जहाज को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। पिछले तीन दिनों में अब तक 10 जहाजों को रोका जा चुका है। इस कार्रवाई का मकसद व्यापारिक रास्ते बंद करके ईरान की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह अलग-थलग करना है।



अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बुधवार को बताया कि उनके मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत 'यूएसएस स्प्रुएंस' ने ईरान के झंडे वाले एक मालवाहक जहाज को वापस ईरान लौटने पर मजबूर कर दिया। यह इस क्षेत्र में चल रही अमेरिकी नाकेबंदी के तहत की गई नवीनतम कार्रवाई है।

CENTCOM ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि यह ईरानी जहाज बंदर अब्बास से निकला था। इसने होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर निकलकर ईरानी तट के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की। जहाज ने इस हफ्ते शुरू हुई नाकेबंदी की पाबंदियों से बचने का प्रयास किया। अमेरिकी युद्धपोत 'यूएसएस स्प्रुएंस' ने सफलतापूर्वक इस जहाज का रास्ता बदल दिया। अब यह जहाज वापस ईरान की ओर लौट रहा है।

अमेरिकी सेना ने बताया कि सोमवार को नाकेबंदी शुरू होने के बाद से अब तक कुल 10 जहाजों को वापस भेजा जा चुका है।

## लश्कर से जुड़े आतंकी पर फायरिंग

## आमिर हमजा को हमलावरों ने गोलियों से भूना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लाहौर में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी आमिर हमजा पर अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी कर दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। हमजा कई आतंकी गतिविधियों से जुड़ा रहा है और अमेरिकी ट्रेजरी की प्रतिबंधित सूची में शामिल है।



पाकिस्तान के लाहौर में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्यों में शामिल आतंकी आमिर हमजा पर अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी कर दी। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया है और अस्पताल में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हाल के महीनों में पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठनों से जुड़े लोगों पर लगातार हमलों की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

**लश्कर-ए-तैयबा का माना जाता है संस्थापकः** आमिर हमजा, कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सह-संस्थापक माना जाता है और उसका नाम कई आतंकी गतिविधियों से जुड़ा रहा है, जिनमें भारत में हुए कई हमले भी शामिल हैं। उसने इस संगठन की स्थापना हाफिज सईद के साथ मिलकर की थी।

हमजा अफगान मुजाहिदीन का भी हिस्सा रह चुका है और अपने भड़काऊ भाषणों व लेखन के लिए जाना जाता रहा है। वह लश्कर की आधिकारिक पत्रिका मजल्लाह अल-दावा का संस्थापक संपादक भी रहा है। 2002 में उसने काफिला दावत और शहादत नामक किताब लिखी थी, जिसमें चरमपंथी विचारधारा को बढ़ावा दिया गया था।

**प्रतिबंधित आतंकियों की सूची में शामिल**

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने लश को आतंकी संगठन घोषित किया हुआ है और आमिर हमजा को भी प्रतिबंधित आतंकियों की सूची में शामिल किया है। वह संगठन की केंद्रीय समिति में शामिल रहा और फंडिंग, भर्ती और बंदी आतंकियों की रिहाई के लिए बातचीत जैसे अहम कार्यों में उसकी भूमिका बताई जाती है। 2018 में पाकिस्तान द्वारा जमात-उद-दावा और फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन पर कार्रवाई के बाद हमजा ने कथित तौर पर लश्कर से दूरी बना ली थी।

## यूक्रेन को UK से मिला अब तक का सबसे बड़े हथियारों का पैकेज

**नई दिल्ली।** यूक्रेन को ब्रिटेन के सबसे बड़े ड्रोन पैकेज की आपूर्ति शुरू हो गई है, जिससे उसकी फ्रंटलाइन क्षमता मजबूत हो रही है। वहीं, रूस ने इसकी आलोचना करते हुए कहा है कि यूरोपीय देशों के ऐसे कदम उन्हें रूस के साथ संघर्ष में और गहराई तक खींच रहे हैं।





यूक्रेन को ब्रिटेन की ओर से घोषित अब तक के सबसे बड़े ड्रोन पैकेज की आपूर्ति शुरू हो गई है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि ड्रोन की खेप पहुंचनी शुरू हो चुकी है और इससे उसकी फ्रंटलाइन की ताकत मजबूत हो रही है। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर जारी बयान में कहा कि हम यूके के आभारी हैं, जिसने यूक्रेन के लिए अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन पैकेज दिया है। ये ड्रोन पहुंचने लगे हैं और हमारी फ्रंटलाइन को मजबूत कर रहे हैं। बयान के अनुसार, इस वर्ष यूक्रेन को कुल 1.2 लाख (120,000) ड्रोन मिलने की उम्मीद है। इस पैकेज में स्ट्राइक, टोही, लॉजिस्टिक्स और समुद्री ड्रोन शामिल हैं, जो युद्ध के अलग-अलग मोर्चों पर इस्तेमाल किए जाएंगे।

**ब्रिटेन ने क्या घोषणा की थी**

इससे पहले ब्रिटेन ने घोषणा की थी कि वह 2026 में यूक्रेन को कम से कम 1.2 लाख ड्रोन उपलब्ध कराएगा। यह पहल ब्रिटेन की इस साल की करीब 3 अरब पाउंड (लगभग 4.07 अरब अमेरिकी डॉलर) की सैन्य सहायता योजना का हिस्सा है। इसके साथ ही यह G7 की एक्स्ट्राऑर्डिनरी रेवेन्यू एक्सेलरेशन फॉर यूक्रेन पहल से भी समर्थित है, जिसका उद्देश्य यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना है।

**रूस ने की कड़ी आलोचना**

दूसरी ओर, रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है। रूस ने कहा कि यूरोपीय देशों द्वारा यूक्रेन के लिए ड्रोन उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने से महाद्वीप सीधे तौर पर रूस के साथ संघर्ष में और अधिक उलझता जा रहा है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने बयान में कहा कि यूरोपीय नेताओं के ऐसे कदम उनकी सुरक्षा बढ़ाने के बजाय उन्हें युद्ध की ओर धकेल रहे हैं। मंत्रालय के मुताबिक, 26 मार्च को कई यूरोपीय देशों ने यूक्रेन के लिए ड्रोन उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने का निर्णय लिया, खासकर उस समय जब यूक्रेनी सेना को बढ़ते नुकसान और जनशक्ति की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

**रूस का दावा**

रूस ने यह भी दावा किया कि यूक्रेनी ड्रोन निमार्ता कंपनियों की शाखाएं यूरोप के आठ देशों में सक्रिय हैं। इनमें से कुछ इकाइयां स्ट्राइक ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन जैसे हथियारों के निर्माण में लगी हैं, जिनके उत्पादन के लिए यूरोप में अतिरिक्त फंडिंग भी बढ़ाई जा रही है।

## पीएम शहबाज और सऊदी के क्राउन प्रिंस की मुलाकात

## ईरान गए आसिम मुनीर ने अराघची से की बातचीत

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद वार्ता असफल होने के बाद पाकिस्तान ने शांति प्रयासों पर दोबारा जोर दे रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जेद्दा में सऊदी क्राउन प्रिंस से मुलाकात कर अमेरिका-ईरान संवाद को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं, सेना प्रमुख आसिम मुनीर तेहरान दौरे पर हैं, जहां वे दोनों देशों के बीच रुकी बातचीत को फिर से शुरू कराने की कोशिश कर रहे हैं।



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच संवाद को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने यह बात सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ जेद्दा में हुई मुलाकात के दौरान कही।

शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि क्राउन प्रिंस से मुलाकात उनके लिए सम्मान और खुशी की बात रही। उन्होंने सऊदी अरब के प्रति पाकिस्तान की एकजुटता जताई और मौजूदा तनावपूर्ण हालात में क्राउन प्रिंस के नेतृत्व में दिखाए गए धैर्य और संयम की सराहना की। शरीफ ने अपनी पोस्ट में पाकिस्तान की हालिया कूटनीतिक कोशिशों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों ने अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम कराने में भूमिका निभाई और इस्लामाबाद में ऐतिहासिक शांति वार्ता शुरू कराने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान, अमेरिका और ईरान के बीच स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए समझौते की दिशा में अपने प्रयास जारी रखेगा।

प्रधानमंत्री बुधवार को एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सऊदी अरब पहुंचे थे। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया में तनाव बना हुआ है और अमेरिका-ईरान वार्ता को पुनर्जीवित करने की कोशिशें तेज हो रही हैं।

**मुनीर पहुंचे तेहरान**

इसी बीच, पाकिस्तान ने समानांतर रूप से एक और कूटनीतिक कदम उठाया है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर भी एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ तेहरान पहुंचे हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने तेहरान पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

## वैश्विक तनाव के बीच बड़ी कूटनीतिक हलचल

**बीजिंग।** दुनिया में बढ़ते ऊर्जा संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बीच रूस और चीन तेजी से करीब आ रहे हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की हालिया चीन यात्रा में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी के साथ अहम बैठकें हुईं। इसमें व्यापार, निवेश और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। यह दौरा पुतिन की प्रस्तावित चीन यात्रा की अहम तैयारी के तौर पर भी माना जा रहा है।

दुनिया में बढ़ते ऊर्जा संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बीच रूस और चीन की नजदीकियां तेजी से बढ़ती दिख रही हैं। इसी कड़ी में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने हाल ही में चीन की दो दिन की महत्वपूर्ण यात्रा पूरी की। इस दौरान उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी के साथ लंबी और अहम बैठकें कीं।

## हिजबुल्लाह का भीषण प्रहार, 24 घंटे में इस्राइली ठिकानों पर 39 किए हमले; जंग तेज हुई तेज

**बेरूत।** हिजबुल्लाह ने 24 घंटों में इस्राइल पर 39 हमलों का दावा किया है, जिससे इस्राइल के साथ संघर्ष और तेज हो गया है। इस बीच इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अभियान जारी रखने की बात कही है।

लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में 39 सैन्य अभियान चलाए हैं। इन हमलों में इस्राइली बस्तियों, सैनिकों की टुकड़ियों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया। साथ ही दक्षिणी सीमा और उत्तरी इस्राइल में दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने की झड़पें भी हुईं। अल जजीरा की रिपोर्ट में बात सामने आई है।

इस बीच, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि इस्राइली सेना दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान जारी रखेगी। नेतन्याहू ने बिंट जबील को हिजबुल्लाह का मुख्य गढ़ बताया और इसे पूरी तरह खत्म करने का संकल्प लिया।



**डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता**

इस बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस एडहानोम घेब्रेयेसस ने लेबनान के अस्पतालों की हालत पर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि दक्षिण लेबनान का 'तेबनीन सरकारी अस्पताल' गंभीर संकट में है।

अप्रैल में अस्पताल के पास हुए दो अलग-अलग हमलों में इसे काफी नुकसान पहुंचा है। इन घटनाओं में 11 स्वास्थ्य कर्मी घायल हुए। अस्पताल का इमरजेंसी विभाग, वेंटिलेटर, मॉनिटर और फार्मेसी जैसी जरूरी चीजें खराब हो गई हैं। हालांकि कुछ सेवाएं अभी भी चालू हैं, टेड्रोस ने कहा कि हल्ड प्राथमिकता वाली जरूरतों के आधार पर तत्काल आपातकालीन रखरखाव में सहायता कर रहा है।

डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने स्वास्थ्य सेवाओं पर हो रहे हमलों के आंकड़े भी साझा किए। संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक स्वास्थ्य सेवाओं पर 133 हमले हुए हैं। इनमें 88 लोगों की मौत हुई और 206 लोग घायल हुए हैं। हमलों की वजह से 15 अस्पताल और 7 स्वास्थ्य केंद्र क्षतिग्रस्त हुए हैं। वहीं, 5 अस्पतालों और 56 स्वास्थ्य केंद्रों को पूरी तरह बंद करना पड़ा है। अल जजीरा के अनुसार, एक अन्य घटना में, दक्षिण लेबनान के मईफादौन में इस्राइली हमलों में कम से कम चार पैरामेडिक्स की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इसे एम्बुलेंस पर किया गया हमला बताया है।

**शांति के लिए बातचीत जारी**

नेतन्याहू ने यह भी कहा कि इस्राइल शांति के लिए लेबनान के साथ बातचीत कर रहा है। उनका लक्ष्य हिजबुल्लाह को खत्म करना और ताकत के जरिए शांति हासिल करना है।

## ईरान में अब ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी

# तेहरान के खिलाफ अमेरिका की आर्थिक दबाव की रणनीति

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका अब सैन्य नहीं, आर्थिक मोर्चे पर ईरान को घेरने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए एक खास रणनीति के तहत अमेरिका ने ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी की तैयारी भी कर ली है। तेल कारोबार, बैंकिंग लेन-देन और विदेशी फंड पर कड़े प्रतिबंध भी लगाए जा रहे हैं।

पश्चिम एशिया में तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक महीने से ज्यादा चले भीषण सैन्य टकराव के बाद भले ही अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षविराम हुआ हो, लेकिन जंग अब नए मोर्चे पर पहुंच गई है। गोलियों और मिसाइलों की जगह अब आर्थिक हथियारों का इस्तेमाल तेज हो गया है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ईरान की कमर तोड़ने के लिए कड़े आर्थिक प्रतिबंधों की नई रणनीति तैयार कर ली है। ईरान के तेल कारोबार से लेकर वैश्विक बैंकिंग नेटवर्क तक, हर रास्ता बंद करने की कोशिश की जा रही है, जिससे ईरान पर चौतरफा दबाव बनाया जा सके।



बढ़ते इस तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप की प्रशासन ने अपना रुख साफ किया है कि वह ईरान पर और सख्त प्रतिबंध लगाने की तैयारी में है। इसमें उन देशों और बैंकों पर भी कार्रवाई शामिल हो सकती है, जो ईरान के तेल कारोबार से जुड़े हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि यह कदम ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी के तहत उठाया जा रहा है। उनका कहना है कि पिछले एक साल से ईरान पर मैक्सिमम प्रेशर यानी अधिकतम दबाव बनाया जा रहा है।

### चीन के बैंकों को चेतावनी भी दी

इसके इतर अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने बताया कि चीन के कुछ बैंकों को पहले ही चेतावनी दी जा चुकी है। अगर उनके जरिए ईरान के पैसे का लेन-देन पाया गया, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। अमेरिका ने यह भी कहा है कि वह ईरान के तेल से जुड़ी सामान्य छूट (लाइसेंस) को आगे नहीं बढ़ाएगा। इसका मतलब है कि ईरान के लिए तेल बेचकर कमाई करना और मुश्किल हो जाएगा।

### नई रणनीति पर एक नजर

इस बात को ऐसे समझिए कि अमेरिका अब उन देशों से भी सख्त कदम उठाने को कह रहा है, जिनके पास ईरान से जुड़े पैसे हैं। खासकर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर और ईरानी नेतृत्व से जुड़े फंड को फ्रीज करने की मांग की जा रही है। ऐसे में अमेरिका ने साफ चेतावनी दी है कि अगर कोई देश ईरानी तेल खरीदता है या उसके पैसे अपने बैंकों में रखता है, तो उस पर सेकेंडरी सैंक्शन यानी अप्रत्यक्ष प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

### क्षेत्रीय हालात का असर

गौतरलब है कि अमेरिका का कहना है कि हाल ही में ईरान की कुछ गतिविधियों, खासकर पड़ोसी खाड़ी देशों के साथ तनाव, की वजह से अब कई देश भी सतर्क हो गए हैं और पैसे के लेन-देन पर ज्यादा नजर रख रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ये कदम अमेरिका के लंबे समय के सुरक्षा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उठाए जा रहे हैं।

17 April -26 page 8 16-04-2026 10:01 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# जिलाधिकारी गाजियाबाद पहुंचे एआईएमओ कार्यालय
## उद्यमियों से सीधा संवाद, उपेंद्र गोयल की पहल सराही





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित ऑल इंडिया मैनुफैक्चरर्स ऑर्गेनाईजेशन (यूपी स्टेट बोर्ड) के कार्यालय में आज एक अलग ही माहौल देखने को मिला, जब जिलाधिकारी गाजियाबाद और मुख्य विकास अधिकारी स्वयं उद्यमियों के बीच पहुंचे और उनसे अनौपचारिक बातचीत की। इस दौरान जिले के विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने अधिकारियों का स्वागत किया और इस पहल को उद्योग जगत के लिए सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम में उद्यमियों ने जिले के औद्योगिक विकास, बुनियादी सुविधाओं, निवेश माहौल और रोजगार सृजन जैसे मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखे।

साथ ही इस बात पर सहमति बनी कि गाजियाबाद को उसकी औद्योगिक पहचान दिलाने वाले शुरूआती उद्यमियों को सम्मानित किया जाए और जिले में एक उद्योग संग्रहालय स्थापित किया जाए। इस संवाद का उद्देश्य प्रशासन और उद्योग जगत के बीच सीधा तालमेल बनाना रहा, जिससे भविष्य में नीतियों और योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके।

कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन ऑल इंडिया मैनुफैक्चरर्स ऑर्गेनाईजेशन (यूपी स्टेट बोर्ड) के अध्यक्ष उपेंद्र गोयल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संजीव गुप्ता, संजीव सचदेव, आदि नारायण गुप्ता, राकेश छारिया, बृजेश अग्रवाल, एसपी चौहान, अनिल गर्ग, अतुल जैन, सुशील अरोड़ा, सुरिंदर अरोड़ा, मंजीत सिंह, अखिलेश अग्रवाल, आलोक गर्ग, संजीव मलिक, आर के शर्मा, राकेश अनेजा, प्रदीप गुप्ता, मनोज अग्रवाल, अनिल गुप्ता, अरुण शर्मा, दुर्गेश कपूर, नरेंद्र कंसल, राजीव गुप्ता, सत्येंद्र गौतम, राज ढींगरा, मुकेश गर्ग, संजय टिबरेवाल सहित कई उद्यमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और सामूहिक भोजन के साथ हुआ।

### प्रशासन और उद्योग संवाद को लेकर जिलाधिकारी का फोकस

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी गाजियाबाद ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि जनपद के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को समझने और उनका त्वरित समाधान निकालने के लिए इस तरह के सीधे संवाद बेहद आवश्यक हैं। जिलाधिकारी ने यह भी आश्वासन दिया कि उद्योगों से जुड़े मुद्दों—जैसे बिजली, सड़क, जलनिकासी और अनुमतियों से संबंधित समस्याओं—को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा, ताकि गाजियाबाद को एक मजबूत औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जा सके।

### औद्योगिक सुविधाओं में सुधार की मांग, राकेश छारिया की बात

**करंट क्राइम।** राकेश छारिया ने कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा कि गाजियाबाद को एक सशक्त औद्योगिक पहचान देने के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं के उन्नयन पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के संवाद से उद्योग और शासन के बीच विश्वास मजबूत होगा और जिले के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

### उद्योग जगत को जोड़ने में उपेंद्र गोयल की भूमिका

**करंट क्राइम।** एआईएमओ यूपी स्टेट बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र गोयल ने इस कार्यक्रम को प्रशासन और उद्योग के बीच मजबूत समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उद्यमियों को इस तरह के मंच की आवश्यकता थी, जहां वे सीधे अधिकारियों के सामने अपनी बात रख सकें। गोयल ने विश्वास जताया कि इस पहल से न केवल समस्याओं का समाधान तेज होगा, बल्कि निवेश और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

### बुनियादी समस्याओं पर संजीव गुप्ता का जोर

**करंट क्राइम।** उद्यमी संजीव गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में कई बुनियादी समस्याएं अब भी बनी हुई हैं, जिनका समाधान जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रैफिक प्रबंधन और औद्योगिक सुविधाओं की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन के साथ इस तरह का सीधा संवाद होने से उद्यमियों का विश्वास बढ़ेगा और समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।

# हाउस टैक्स वापसी पर सवाल : हिमांशु लव ने उठाई निगम अधिकारियों की मंशा पर उंगली

### ➪ सीएम के आदेश के बाद भी राहत क्यों नहीं : हिमांशु लव






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स के मुद्दे पर शहर की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। पूर्व निगम पार्षद हिमांशु लव ने नगर निगम प्रशासन और महापौर पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बढ़े हुए हाउस टैक्स को वापस लेने के स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं, तो फिर अब तक पुरानी दरें लागू क्यों नहीं की गईं। हिमांशु लव ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो संदेश के माध्यम से सभी नगर निगमों को निर्देशित किया गया था कि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स पूरी तरह वापस लिया जाए और जिन लोगों ने बढ़ी हुई दरों पर टैक्स जमा कर दिया है, उसका समायोजन किया जाए। इसके बावजूद गाजियाबाद में न तो आवासीय और न ही व्यावसायिक हाउस टैक्स में कोई वास्तविक कमी दिखाई दे रही है।

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि हाल ही में महापौर और मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी की मौजूदगी में यह घोषणा की गई थी कि 15 अप्रैल से हाउस टैक्स पुरानी दरों पर लिया जाएगा, लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसा लागू होता नहीं दिख रहा है। पूर्व पार्षद ने आरोप लगाया कि नगर निगम के अधिकारियों द्वारा की गई नई गणना जनता के साथ छ्लधोखाह्व है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से टैक्स की नई दरें और कैलकुलेशन पेश किया गया है, वह मुख्यमंत्री के आदेशों की भावना के विपरीत है। हिमांशु लव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन नहीं किया गया, तो शहर की जनता, व्यापार मंडल और आरडब्ल्यूए संगठन जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों की कार्यप्रणाली से ऐसा प्रतीत होता है कि वे सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स सरकार के लिए आय का साधन नहीं, बल्कि जनता के विकास के लिए होता है, जैसा कि मुख्यमंत्री स्वयं स्पष्ट कर चुके हैं। ऐसे में आदेशों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नगर निगम में जब हाउस टैक्स की बात पर चल रही थी चर्चा? तब क्यों एक त्यागी पार्षद ने भरा शब्दों का कुछ अलग ही पर्चा? फूल वाले ये पार्षद आखिर क्या कराना चाहते थे सबको फील? उन्होंने क्यों कह दिया कि मैं पार्षद भी हूं और बिल्डर भी हूं और फैक्ट्री का मालिक भी हूं? आखिर ये तीनों इंट्रोडक्शन क्यों दे रहे थे पार्षद? क्या त्यागी जी करा रहे थे एहसास कि उन्होंने नहीं भरा अपना हाउस टैक्स टिल डेट ऑफ आज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो ठाकुर पार्षद मचा रहे थे हाउस टैक्स के मुद्दे पर सबसे ज्यादा शोर? जब निगम वाले साहब ने बुलाई प्रेस वार्ता तो पार्षद जी ने मोड लिया अपने लहजे का रूख? क्या नदिया पार वाले ठाकुर पार्षद के अंदाज गये थे एकदम बदल? क्या सौलंकी जी मिला रहे थे साहब के सुर में सुर? क्या ठाकुर साहब के अंदाज देखकर हो गये सब हैरान? ऐसा हम नहीं कह रहे ? प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद उनके यूँ बैकफुट पर आने की चर्चा हो रही थी आम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि त्यागी बिरादरी का पदाधिकारी है इन दिनों बहुत ही हैरान? सुना है जब सरताज के पास पहुंचे त्यागी जी श्रीमान? तब सरताज ने पूछ लिया पदाधिकारी से ही उनका नाम? हैरान रह गये त्यागी नेता जब सरताज ने कहा हू–आर–यू? इसके बाद पूछ लिया आप कहां से आये हो? तब हैरान त्यागी जी ने गौर से देखा सरताज को? उन्होंने पहले अपने माईंड पर डाला जोर और फिर करा दिया सरताज को रिमाईंड? मैं संगठन का हूं और मेरी रोज होती है आपसे मुलाकात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फ्लावर वालों के यहां सुलग रही है स्टाईल और एटीट्यूड दिखाने की एक आग? भगवा जाटव जी ने भी शुरू किया है एक नया ही स्वैग? सुना है अब उन्होंने अपने मोबाईल फोन से कॉल मिलाने और उठाने का दायित्व सौंप दिया है अपनी कार के सारथी को? भगवा जाटव का ड्राईवर जब मिलाता है किसी को फोन? तो उधर से हैलो होते ही बदलती है टोन? वो बताता है कि साहब आपसे बात करना चाहते हैं? उसके बाद जैसे ही सुनाई देती है जाटव जी की वाईस? उधर से फोन सुन रहा व्यक्ति रह जाता है सरप्राईज? फोन उठाने पर अब जवाब भी ये आता है क्यों इतना माहौल बना रहे हो? राजनीति में ही हो या कार्पोरेट सेक्टर में जा रहे हो?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हुई भगवा बैठक तो उठ गया इस अखबार को लेकर सवाल? क्या सबसे पूछा गया आपका पसंदीदा है कौन सा अखबार? सुना है एक एक करके अखबारों के नाम गिनाये गये? सुना है पहले तो खामोश रही सबकी जुबान? फिर लगा यहां शब्दों का ऐसा करंट और आ गया सबकी जुबान पर करंट क्राइम का नाम? बैठक में कई ने हाथ उठाया और करंट क्राइम को अपना पसंदीदा अखबार बताया? वो हुए सबकी पसंद को सुनकर हैरान ? क्यूंकि अंदर से उनका दिल भी यही कह रहा था श्रीमान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अम्बेडकर जयंती परदिखाई दी कांग्रेस वालों की ताकत इतनी कमजोर? कांग्रेस के संभावित दावेदार भी यहां जोर लगाते नजर नहीं आये? जब केसरिया वालों ने डाले थे नीले पटके? तो हाथ वाले आखिर इस मुहिम से क्यों नहीं जुड़ पाये? पुराने चेहरों ने भी नहीं दिखाई गर्मजोशी? कहने वाले ने कहा कि क्या इन्हीं तेवरों के साथ हाथ वाली पार्टी लड़ेगी विधानसभा का चुनावी रण? ऐसे कैसे पार्टी का मामला मजबूत होगा सनम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के बॉर्डर वाले इलाके में संभाल ली आकर किसी ने पूरे मान से कमान? कहने वाले ने कहा कि चीफ गेस्ट बनकर आना था कैबिनेट वालों को श्रीमान? यहां पर संगठन वाले मुख्य चेहरे को भी रहना था मौजूद? ऐसा क्या हुआ कि दोनों ही चेहरों का नहीं दिखाई दिया इस कार्यक्रम में वजूद? क्या मेरठ जा रहे मान को जब मिली खबर तो उन्होंने तत्काल मुड़वा दी अपनी कार कार्यक्रम स्थल की ओर? सुना है गैर जाहिरी में किसी ने पूरे मान से रखी कार्यक्रम की आन और शब्दों से लगाये जोर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अभी तक सुलग रही है फ्लावर वालों के यहां नामित वाली लिस्ट में नाम ना आने की आग? घूकना वाले देवतुल्य ने कहा कि मुझे दी गई थी पूरी गारंटी कि लिस्ट में है मेरा नाम? मुझे नहीं बनाते तो कोई गम नहीं था लेकिन मेरा फूल नहीं बनाना चाहिए था? अब वो कह रहे हैं कि मुझे अब ये पद चाहिए भी नहीं? कहने वाले ने कहा वो बातों के मार रहे है पट्टे? ऐसा ही होता है जब अंगूर लगते है खट्टे ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कांग्रेस के किस पूर्व पार्षद का नहीं लग रहा है अब हाथ वालों के यहां बिल्कुल भी मन? वो रंगना चाहते हैं अब केसरिया रंग से अपना मन? सुना है उन्होंने किये हैं जनरली कई जतन? मगर बात उस प्रयत्न से नहीं बनी जिस राह से चाहते हैं वो केसरिया होना? क्या चौधरी साहब को मिलेगा यहां रिश्तेदारी वाला भगवा बाईपास? या फिर पहले की तरह पूरी नहीं हो पाएगी उनकी आस ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फूल वालों के यहां अभी से शुरू हो गई है मोर्चो का प्रधान बनने के लिए भागदौड़? सुना है युवा चेहरों से लेकर सीनियर सिटीजन भी लगा रहे हैं जोर? क्या ध्वज प्रणाम वालों की हो गई है इसमें कोई सिफारिश वाली एन्ट्री? कहने वाले ने कहा कि आप अब मोर्चो की ताजपोशी को हल्के में मत लेना? सुना है दिल्ली के कैबिनेट से लेकर ध्वज प्रणाम वालों के बड़े भाई साहब के यहां पहुंच चुके हैं सिफारिश के पर्चे? कुछ तो लगी है आग, यूँ ही नहीं हो रहे रोजाना ये चर्चे ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# न्यू गांधी नगर में देह व्यापार का खुलासा, संचालक समेत 2 गिरफ्तार

गाजियाबाद, करंट क्राइम। थाना सिहानी गेट पुलिस ने शहर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए न्यू गांधी नगर इलाके में संचालित देह व्यापार के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से संचालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएचओ कुलदीप दीक्षित के मुताबिक 15 अप्रैल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि न्यू गांधी नगर स्थित मकान में किराए के मकान के भीतर अवैध रूप से देह व्यापार चलाया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से अंकित गुप्ता उर्फ राहुल मलिक (संचालक) और गुलबीर सिंह पंवार (ग्राहक) को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी अंकित गुप्ता उर्फ राहुल मलिक ने बताया कि वह आर्थिक लाभ के लिए इस अवैध धंधे को चला रहा था और किराए के मकान में यह गतिविधि संचालित करता था। उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए गलती मान ली। पुलिस ने मौके से दो मोबाइल फोन (वन प्लस व आईफोन 16), कंडोम, इस्तेमाल किए गए आपत्तिजनक सामान, टिशू पेपर, रैपर और अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है। साथ ही इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है।




# जीडीए का विशेष शिविर : तीसरे दिन समाधान की लहर

## 99 प्रकरणों का हुआ त्वरित निस्तारण






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटियों की समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित 'रजिस्ट्री एवं नामांतरण विशेष शिविर' सफलता के नए आयाम छू रहा है। शिविर के तीसरे दिन प्राधिकरण ने सक्रियता दिखाते हुए कुल 99 प्रकरणों का सफल निस्तारण कर आवंटियों को बड़ी राहत प्रदान की। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना और सामान्य योजनाओं के आवंटियों में भारी उत्साह देखा गया।

आंकड़ों के अनुसार: कुल 44 नए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 37 पीएम आवास योजना और 07 सामान्य योजना से संबंधित थे। 34 पत्रावलियाँ त्वरित कार्यवाही के बाद अनुमोदन हेतु उच्चाधिकारियों को भेजी गईं। 19 आवेदनों को पंजीकरण की अंतिम प्रक्रिया के लिए सीधे निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्री ऑफिस) भेजा गया।

लंबे समय से अटके नामांतरण के मामलों में भी शिविर का सकारात्मक प्रभाव दिखा। जहाँ 06 नए आवेदन प्राप्त हुए, वहीं पुराने लंबित मामलों में से 24 का पूर्ण निस्तारण करते हुए आवंटियों को उनके नाम दर्ज प्रमाण पत्र सौंप दिए गए।

### 17 और 18 अप्रैल को होगा विशेष कार्य

कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्राधिकरण ने आगामी रणनीति साझा की है: सभी रजिस्ट्री लिपिकों को 17 एवं 18 अप्रैल को कार्यालय में उपस्थित रहकर रजिस्ट्री पत्र तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। अगले सप्ताह 20, 21 एवं 22 अप्रैल को इन तैयार पत्रों का पंजीकरण कार्यालय में विधिवत निष्पादन कराया जाएगा। जीडीए प्रशासन ने सभी आवंटियों से आग्रह किया है कि वे इस विशेष शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं। प्राधिकरण का लक्ष्य पारदर्शी और त्वरित कार्यप्रणाली के माध्यम से लंबित फाइलों के बोझ को कम करना और जनता को सीधा लाभ पहुँचाना है।

# वार्ड 74 के पार्कों का बदलेगा स्वरूप, सुंदरीकरण के साथ जल संचयन पर जोर : नरेश भाटी




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा क्षेत्र के वार्ड 74 में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। स्थानीय पार्षद नरेश भाटी के नेतृत्व में वार्ड के पार्कों के कायाकल्प और सुंदरीकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। पार्षद का लक्ष्य वार्ड के प्रत्येक पार्क को मॉडल पार्क के रूप में विकसित करना है, ताकि क्षेत्रवासियों को स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण मिल सके।

### हरियाली के लिए सबमर्सिबल की सुविधा

पार्कों को केवल सुंदर बनाना ही नहीं, बल्कि उन्हें हरा-भरा बनाए रखना भी एक चुनौती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए पार्कों में सबमर्सिबल पंप लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इससे पौधों को नियमित रूप से पानी मिल सकेगा और पार्कों की हरियाली बरकरार रहेगी। पार्षद नरेश भाटी ने बताया कि क्षेत्र के हर छोटे-बड़े पार्क को विकसित करना उनकी कार्ययोजना में सबसे ऊपर है।

### सड़कों का जाल बिछाने की तैयारी

पार्कों के साथ-साथ वार्ड की बुनियादी अवसंरचना पर भी ध्यान दिया जा रहा है। पार्षद ने कहा कि वार्ड की अधिकांश मुख्य सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। हालांकि, जो कुछ सड़कें अभी बाकी रह गई हैं, उनके लिए भी योजना तैयार है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष सड़कों का विकास कार्य जल्द ही शुरू कराया जाएगा ताकि निवासियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। क्षेत्रवासियों ने पार्षद की इस पहल का स्वागत करते हुए विकास कार्यों की सराहना की है।

# जापानी सिटी के लिए यमुना प्राधिकरण ने शुरू की जमीन खरीद की प्रक्रिया

**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे में सहमति बनने के बाद अब यमुना प्राधिकरण ने जापानीज सिटी के विकास को तेज कर दिया है। इसके लिए जमीन खरीद की प्रक्रिया की शुरूआत प्राधिकरण ने की है। यहां जापान के निवेशकों के लिए औद्योगिक संग आवासीय सेक्टर उनकी जरूरतों के मुताबिक विकसित किया जाना है।

यीडा के एसीईओ राजेश कुमार ने बताया कि जमीन खरीद शुरू करने के लिए सूचना प्रकाशित करा दी गई है। अब यहां किसानों से सहमति बनाकर उनको मुआवजा देने का काम शुरू होगा। इसके बाद जमीन पर कब्जा लेने की प्रक्रिया यीडा पूरी करेगा। अधिकारियों का कहना है कि करीब 500 एकड़ में यह जापानी सिटी विकसित होनी है। जमीन पर कब्जा मिलते ही यहां विकास कार्य और भूखंड नियोजन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री की यह महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। अधिकारियों के मुताबिक जापानीज सिटी को एक "मिनी जापान" की तरह विकसित किया जाना है। यह नोएडा एयरपोर्ट के नजदीक में भी रहेगा जिससे निवेशकों को सुविधा हो।

# श्रमिकों के बाद उठी उद्यमियों की आवाज, वृद्धि का विरोध शुरू



**नोएडा।** श्रमिकों की मांग पूरी होने के बाद अब जिले के उद्यमियों ने सरकार के फैसले के खिलाफ मोर्चा खोला है। बृहस्पतिवार को उद्यमियों ने कलेक्ट्रेट में उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार से मुलाकात की और अपनी समस्याएं रखी। कहा कि अगर न्यूनतम वेतन वृद्धि देंगे तो फिर एमएसएमई उद्योगों पर ताला लटक जाएगा। कीमतें बढ़ाने पर बड़े उद्योग उनकी जगह उत्तराखंड व अन्य राज्यों से उत्पाद खरीदेंगे। वृद्धि का विरोध कर सरकार से राहत पैकेज देने की मांग की है। चेतावनी दी है कि अगर मांग नहीं मानी तो उद्यमी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### एक सप्ताह में राहत नहीं दी तो धरना देंगे उद्यमी :

न्यूनतम वेतन में वृद्धि के खिलाफ शहर के उद्यमी एकजुट होकर मैदान में उतरे हैं। शुक्रवार को उद्यमियों ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया। जहां से अपनी आवाज को बुलंद कर मोर्चा खोलेंगे। उद्यमियों ने बताया कि शहर के सभी उद्यमी संगठन एक साथ एक मंच से सरकार के फैसले का विरोध करेंगे। वो श्रमिकों को बढ़ा हुआ न्यूनतम वेतन देने को तैयार है, लेकिन उद्योगों को भी राहत दी जाए। आईआईए ग्रेनो चैप्टर के अध्यक्ष सरबजीत सिंह का कहना है कि सरकार को एक सप्ताह का समय दिया जाएगा। अगर किसी तरह की राहत उद्यमियों को नहीं दी गई तो फिर वो कलेक्ट्रेट पर एक दिन का सांकेतिक धरना देंगे। उसके बाद भी मांग नहीं मानी तो फिर बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### दूसरे राज्यों की तरफ रूख करेंगे बड़े उद्योग :

इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि सरकार ने श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में 21 प्रतिशत की वृद्धि कर दी, लेकिन इस वृद्धि से उद्यमियों पर 26 से 30 प्रतिशत का भार पड़ेगा। खाड़ी देशों के युद्ध के कारण पहले से ही उद्योग का संचालन मुश्किल हो गया है। कच्चे माल की कीमतें बढ़ गई है।

अब वेतन वृद्धि की दोहरी मार पड़ी है। अगर उद्यमी बढ़ा हुआ वेतन देंगे तो उनको उत्पादन की कीमत भी बढ़ानी होंगी। ऐसा किया तो उत्पाद की भी कीमत बढ जाएंगी। ऐसे में बड़ी कंपनियां एमएसएमई उद्योगों से उत्पाद नहीं खरीदेंगी। जो और भी नुकसानदायक साबित होगा। समिति से मांग की है कि जिले के उद्योगों को विशेष सब्सिडी दी जाए।

# मीन के लिए विवाद खत्म करने में जुटा प्राधिकरण

**नोएडा।** यमुना सिटी में किसानों की शिकायतों के समाधान के लिए यीडा अब गांव चौपाल कर रहा है। बृहस्पतिवार को भी ओएसडी शैलेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में चौपाल करने पहुंचे। यहां सेक्टर-10 और जापानी सिटी के लिए जमीन खरीद और किसानों की समस्याओं को सुना गया।

सेक्टर-10 में एस्कॉर्ट कुबोटा और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग हब सहित कई बड़ी कंपनियों के लिए जमीन आरक्षित की गई है, जिसमें से अधिकांश का आवंटन भी हो चुका है। कुछ जमीन अभी नहीं मिलने की वजह से निर्माण और विकास कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं। चौपाल में किसानों ने बिजली, अधिग्रहण के बाद परिसंपत्तियों के मुआवजे और नौकरी की मांग उठाई है। मियाना और दस्तमपुर में इन चौपाल को किया गया और जल्दी समाधान का आश्वासन अधिकारियों ने दिया।

# वार्ड 83 के सुभाष पार्क में हुआ बोरिंग कार्य का शुभारंभ

## हरियाली और विकास को मिलेगा नया आयाम




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 के श्याम पार्क एक्सटेंशन सी-ब्लॉक स्थित सुभाष पार्क के कायाकल्प की दिशा में कदम उठाया गया है। क्षेत्र की पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने समस्त आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों और स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में 30 एचपी बोरिंग कार्य का विधिवत नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पार्क की हरियाली को संरक्षित करना और पर्यावरण को बढ़ावा देना है।

### पर्यावरण संरक्षण प्राथमिकता

पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पार्क किसी भी कॉलोनी की जीवन रेखा होते हैं। नई मोटर और बोरिंग की सुविधा होने से अब पार्क में लगे पेड़-पौधों को नियमित रूप से पानी मिल सकेगा। पार्षद नेबकह कि सूखते पौधों को नया जीवन मिलेगा।

क्षेत्रवासियों को टहलने के लिए स्वच्छ और सुंदर वातावरण प्राप्त होगा। वार्ड 83 के हर कोने में मूलभूत सुविधाएं पहुँचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### जनता का मिला भरपूर समर्थन

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों और निवासियों ने पार्षद के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर एस.एस. अधिकारी, विनोद निझावन, डॉ. अनिल जिंदल, सुनील जिंदल, घनश्याम सिंह, विराट सिंह और अंकित मित्तल आदि लोग उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस बोरिंग से न केवल पार्क हरा-भरा रहेगा, बल्कि चिलचिलाती गर्मी में भी हरियाली को बरकरार रखने में मदद मिलेगी। विकास कार्यों की इस गति से स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है।